वर्ष 23, अंक 244, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 28 सितम्बर 2024
विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'जम्मू-कश्मीर के युवाओं ने आतंकवाद को नकारा' - जेपी नड्डा



**जम्मू कश्मीर**
**नड्डा** ने कहा कि मैं ये कह सकता हूं कि ये एक ऐतिहासिक इवेंट है, जब जम्मू कश्मीर के लोगों ने बुलेट को नकार कर बैलेट का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि जम्मू औसतन साल में 100 दिन बंद रहता था, पिछले पांच साल में जम्मू न बंद हुआ और न ही कोई हड़ताल हुई।
जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण के चुनाव को लेकर भाजपा अपनी पूरी ताकत लगा रही है। आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जम्मू में प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान नड्डा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर चुनाव के बारे में सबसे बड़ी बात यह है
कि यह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें बूथ-कैप्चरिंग, गोलीबारी या आतंकवादी हमलों का कोई निशान नहीं था। उन्होंने कहा कि चुनाव देखने के लिए दुनिया भर के 16 देशों के राजदूत यहां आए थे। यह एक ऐतिहासिक क्षण है जब जम्मू-कश्मीर के लोग बुलेट के बजाय बैलेट की शक्ति को चुन रहे हैं।

## कांग्रेस, NC और PDP ने किया आतंकवाद पनपाने का पाप

### डबल इंजन सरकार की ताकत देखनी है तो उत्तर प्रदेश का एक उदाहरण देखिए

**जम्मू**
**योगी** ने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ है। सभी त्यौहार शांतिपूर्वक मनाए जाते हैं। और डबल इंजन सरकार के विकास को देखिए, उस विकास का अधिकार जम्मू-कश्मीर का भी है।
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को जम्मू के रामनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की ताकत देखनी है तो उत्तर प्रदेश का एक उदाहरण देखिए। 500 साल बाद अयोध्या धाम में भव्य मंदिर बना है और उसमें रामलला विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि बाधा डालने वाले लोगों का कहना था कि राम मंदिर बना तो खून की नदियां बहेंगी। लेकिन यह नया भारत है और यह अपनी रक्षा करना जानता है।




योगी ने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ है। सभी त्यौहार शांतिपूर्वक मनाए जाते हैं। और डबल इंजन सरकार के विकास को देखिए, उस विकास का अधिकार जम्मू-कश्मीर का भी है। भाजपा नेता ने कहा कि वे कौन लोग हैं जिन्होंने धरती के स्वर्ग को सांप्रदायिक उग्रवाद का गोदाम बना दिया और लोगों का शोषण किया, 'परिवारवाद' और भ्रष्टाचार विकसित किया और अपने राजनीतिक लाभ के लिए आतंकवाद को बढ़ावा दिया? कांग्रेस, पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस वे पापी हैं।
यूपी सीएम ने कहा कि धारा 370 हटाने पर भी उन्होंने वही कहा जो उन्होंने राम मंदिर निर्माण पर कहा था कि खून की नदियां बहेंगी। लेकिन इसका उल्टा हुआ। उन्होंने कहा कि धारा 370 और 35ए हटने से जम्मू-कश्मीर को विकास मिला। यह आतंकवादी राज्य से पर्यटन राज्य बन गया। यहां हाईवे और आईआईटी, आईआईएम और एम्स की स्थापना की जा रही है। भारत का सबसे बड़ा और ऊंचा पुल बन रहा है।

### शाह का राहुल से सवाल, खरीफ और रबी की फसल कौन सी है?

## एमएसपी के नाम पर किसानों से झूठ बोलना बंद करे कांग्रेस - अमित शाह

**हरियाणा**
**कांग्रेस** पर वार करते हुए शाह ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, कट, कमीशन और करप्शन से चलती थी। डीलर, दलाल और दामादों का राज चलता था। भाजपा सरकार में न डीलर बचे न ही दलाल बचे, दामाद का तो सवाल ही नहीं है।
हरियाणा के रेवाड़ी में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने दावा किया कि जनसभा में जनता का उत्साह बता रहा है कि इस बार भाजपा की जीत की हैट्रिक लगना तय है। शाह ने संबोधन के शुरूआत में कहा कि ये हरियाणा की भूमि बलिदान व वीरता की भूमि है। ये हरियाणा की भूमि ज्ञान, अध्यात्म और गीता की भूमि है। ये हरियाणा की भूमि शक्ति और समृद्धि की भूमि है। आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, जम्मू-कश्मीर सुरक्षित है, तो इसमें हरियाणा के जवानों का बलिदान, वीरता और शौर्य शामिल है।
गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में चुनाव प्रचार की शुरूआत हरियाणा से की थी और उन्होंने वादा किया था कि 40 वर्षों से हमारे सेना के जवानों द्वारा की जा रही वन रैंक-वन पेंशन की मांग को पूरा करेंगे। 40 वर्षों तक कांग्रेस वन रैंक-वन पेंशन लागू नहीं कर पाई, आपने मोदी जी को सेवा का मौका दिया और मोदी जी ने वन रैंक-वन पेंशन को लागू किया।



उन्होंने कहा कि एक महीने पहले वन रैंक-वन पेंशन का तीसरा वर्जन भी लागू कर दिया गया है।
कांग्रेस पर वार करते हुए शाह ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, कट, कमीशन और करप्शन से चलती थी। डीलर, दलाल और दामादों का राज चलता था। भाजपा सरकार में न डीलर बचे न ही दलाल बचे, दामाद का तो सवाल ही नहीं है। राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल बाबा को अभी किसी ठऋड ने पकड़ा दिया है कि टरढ बोलने से वोट मिल जाएंगे। राहुल बाबा, टरढ का फुलफॉर्म मालूम है आपको? खरीफ और रबी की फसल कौन सी है, क्या आपको मालूम है। पूरे देशभर में कांग्रेस की जो सरकारें चल रही हैं, टरढ के नाम पर किसानों से झूठ बोलना बंद कीजिए।
उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों से 24 फसलें टरढ पर खरीद रही है। हरियाणा में कांग्रेस के नेता एक बार बता दें कि देश में आपकी कौन सी सरकार टरढ पर 24 फसल खरीदती है? उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना में आपकी सरकार है, टरढ पर कितनी फसलें खरीदते है, बताइए जरा... अरे हुड्डा साहब, आपकी सरकार को किसान 2 रुपये मुआवजे वाली सरकार कहते थे क्योंकि आपके समय में बर्बाद फसल के लिए 2-2 रुपये के चेक भेजे जाते थे।

### राहुल बाबा, हिम्मत है तो हरियाणा में आकर वही भाषण दीजिए

**विपक्ष** पर हमला जारी रखते हुए शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जाकर ये कहते हैं कि हम सभी आतंकियों और पत्थरबाजों को छोड़ देंगे। 40 हजार लोग जम्मू-कश्मीर में मारे गए, हमारे सेना के जवान शहीद हो गए और आप कहते हैं कि आप उन्हें छोड़ दोगे। अरे राहुल बाबा, हिम्मत है तो हरियाणा में आकर वही भाषण दीजिए। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा, विदेश जाकर कहते हैं कि हम रळ-रउ-डइउ समुदाय का आरक्षण समाप्त कर देंगे। ये हम पर आरोप लगाते थे कि हम आरक्षण समाप्त करने वाले हैं और ?अमेरिका जाकर अंग्रेजी में बोलकर आए कि आरक्षण समाप्त कर देंगे। राहुल बाबा, कैसे समाप्त कर दोगे, सरकार हमारी है और मैं कह देता हूं कि जब तक संसद में भाजपा का एक भी सांसद है, तब तक आप आरक्षण समाप्त नहीं कर सकते हैं।

## पहले पिलाया गौमूत्र, फिर छिड़का गंगाजल, भाजपा में आए पार्षदों का कुछ ऐसे हुआ शुद्धिकरण

**जयपुर**
**हवामहल** विधायक ने जयपुर हेरिटेज नगर निगम की नई महापौर कुसुम यादव को गंगा जल और हनुमान चालीसा और वैदिक मंत्रों का जाप करके शुद्ध किया।
धर्मनिरपेक्ष भारत में राजनीतिक निष्ठा बदलने की ऐसी धार्मिक प्रक्रिया शायद पहले कभी नहीं देखी गई। दरअसल, भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने राजस्थान में भगवा पार्टी में शामिल होने वाले किसी भी व्यक्ति को हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार शुद्ध करने की कोशिश कर रहे है।



यह अपने आप में अजीब कदम है। हवामहल विधायक ने गुरुवार को जयपुर हेरिटेज नगर निगम की नई महापौर कुसुम यादव को गंगा जल और हनुमान चालीसा और वैदिक मंत्रों का जाप करके शुद्ध किया।

### भाजपा लोकतंत्र, संविधान और भारत की आत्मा की हत्या कर रही : मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली। दिल्ली** नगर निगम (एमसीडी) में स्टैंडिंग कमेटी के 18वें सदस्य के लिए होने वाले चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया ने भारतीय जनता पार्टी को भ्रष्टाचार में लिप्त पार्टी बताया है।
उन्होंने चुनाव से पहले एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं।
सिसोदिया ने अधिकारों की बात कही। बोले, ह्लभाजपा पूरी तरह से लोकतंत्र को तार-तार कर रही है।

## अमेरिका, फ्रांस, रूस और अब ब्रिटेन, पुख्ता हुई सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी लेकिन चीन अब भी दीवार



**नई दिल्ली : संयुक्त** राष्ट्र संघ की स्थापना हुए 7 दशक से ज्यादा वक्त बीत गए। तब से दुनिया बहुत बदल गई, लेकिन नहीं बदला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का ढांचा। भारत लगातार सुरक्षा परिषद में सुधार की पुरजोर वकालत कर रहा। यूएनएससी में अपनी स्थायी सदस्यता की दावेदारी कर रहा। अब उसकी दावेदारी को और मजबूती मिली है। अमेरिका, फ्रांस के बाद ब्रिटेन ने भी भारत को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया है। रूस पहले से ही भारत की दावेदारी के सपोर्ट में रहा है। इस तरह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता की नई दिल्ली की दावेदारी काफी मजबूत हुई है। अब रास्ते में सिर्फ 'चीन की दीवार' ही बाधा है। यूएनएससी के 5 स्थायी सदस्यों में सिर्फ चीन ही है, जो भारत की दावेदारी के समर्थन में नहीं है।
पिछले हफ्ते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूएनएससी की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया था। उसके बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र आम सभा के 79वें सत्र में ऐलान किया कि उनका देश भारत को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाए जाने के पक्ष में हैं। अब ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर में भी इस बात का समर्थन किया है।
संयुक्त राष्ट्र में अपने भाषण के दौरान, ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्व वाला निकाय बनना चाहिए। उन्होंने कहा, 'सुरक्षा परिषद को बदलना होगा ताकि वह एक अधिक प्रतिनिधित्व वाला निकाय बन सके।

## आंध्र प्रदेश में राक्षस राज जारी है, मेरी यात्रा में बाधा डालने की हो रही कोशिश- जगन

**आंध्र प्रदेश**
**पुलिस** के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री के आज तिरुमाला जाने से पहले रेनिगुंटा हवाई अड्डे पर उतरने के बाद पुलिस उन्हें निषेधाज्ञा का उल्लंघन न करने के लिए एक नोटिस भी जारी कर सकती है। सोशल मीडिया पर वाईएसआरसीपी के कार्यकर्ताओं से पूर्व मुख्यमंत्री के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए तिरुपति में कुछ स्थानों पर एकत्र होने को कहा जा रहा है और इस कारण पुलिस को पार्टी के कई नेताओं को नोटिस जारी करना पड़ा।
युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी के तिरुमाला स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन के लिए जाने से पहले जिला पुलिस ने पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वे पुलिस अधिनियम की धारा 30 का उल्लंघन न करें।

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा का बड़ा बयान

## न तो मैं रिटायर हुआ हूं और न ही... -हुड्डा

**हरियाणाः हरियाणा** के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एकबार फिर दोहराया कि "सीएम पद पर आखिरी फैसला कांग्रेस हाईकमान को करना है और वह मुझे स्वीकार्य होगा." लेकिन उन्होंने साथ ही कहा है कि वे ना तो रिटायर हुए हैं और ना ही टायर्ड (थके) हुए हैं. हरियाणा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस को राज्य में भारी जनादेश मिलेगा. लोगों ने यह तय कर लिया है कि 'अबकी बार कांग्रेस की सरकार'.
टिकट बंटवारे और फिर कुमारी सैलजा के चुनाव प्रचार से कुछ



समय के लिए दूर हो जाने के बाद कांग्रेस में खींचतान की चर्चा चल रही थी. हालांकि हुड्डा ने इनसे इनकार किया है. समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, "हरियाणा में कांग्रेस एकजुट है. सीएम पद के लिए एक से अधिक दावेदारी मिलने से पार्टी को और ताकत मिलेगी."
बेटे के सीएम रेस में होने पर क्या बोले?
एकतरफ सीएम पद के लिए भूपेंद्र हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला तक का नाम चल रहा है तो वहीं भूपेंद्र हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा की भी चर्चा है. क्या दीपेंद्र सीएम पद की रेस में है? इस सवाल पर भूपेंद्र हुड्डा ने कहा, "मैं ना तो रिटायर हुआ हूं और ना ही थका हुआ हूं." हुड्डा ने वोट कटने की संभावना से भी इनकार किया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला होने से जनता वोट काटने वालों की तरफ नहीं जाएगी।

### दिल्ली में एयर पॉल्यूशन पर क्यों भड़क गया सुप्रीम कोर्ट

## एक भी नियम दिखा दीजिए... यहां सब हवा मे ही है,

**नई दिल्ली : दिल्ली** में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को आड़े हाथों लिया। शीर्ष अदालत ने आयोग से कहा कि वह एक निर्देश दिखाए कि उन्होंने सीएक्यूएम अधिनियम का अनुपालन किया है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति किसी से छुपी नहीं है।
एक भी कदम दिखा दीजिए
जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ए जी मसीह की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी।



बेंच ने आयोग से कहा कि अधिनियम का पूरी तरह से गैर-अनुपालन हुआ है। बेंच ने कहा कि क्या समितियों का गठन किया गया है? कृपया हमें उठाए गए एक भी कदम को दिखाएं, आपने अधिनियम के तहत किन निर्देशों का उपयोग किया है? बस हलफनामा देखें। हमें धारा 12 और अन्य के तहत जारी एक भी निर्देश दिखाएं। बेंच ने कहा कि यह सब हवा में है। उन्होंने एनसीआर राज्यों से जो कहा है, उसके बारे में कुछ भी नहीं दिखाया है।
सुप्रीम कोर्ट ने मांगा था डेटा
सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन पहले ही सीएक्यूएम से डेटा मांगा था। कोर्ट ने कहा था कि सभी अधिकारियों को उसके सवालों का जवाब देना होगा।
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आज हम जिस एकमात्र मुद्दे पर विचार करने जा रहे हैं, वह सीएक्यूएम है। सीक्यूएएम द्वारा अधिनियम के एक भी प्रावधान का अनुपालन नहीं किया गया है। अपना हलफनामा देखें, इस प्राधिकरण द्वारा कोई अनुपालन नहीं किया गया है! हमें एक निर्देश दिखाएं जिसका आपने अनुपालन किया हो। यह सब हवा में है।
आप मूक दर्शन बने हुए हैं
सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने आयोग से कहा कि सब कुछ कागज पर है, आप मूक दर्शक हैं। बेंच ने सीएक्यूएम के अध्यक्ष से पूछा कि आयोग 3 महीने में एक बार क्यों मीटिंग करता है।

## 'अब मैं आ गया हूं...': दिल्लीवालों को अरविंद केजरीवाल ने किस बात का दिलाया भरोसा

**नई दिल्ली :**
आप संयोजक ने आगे कहा कि मैं जेल में था और इसीलिए उन्होंने बहुत सारे काम रोक दिए लेकिन मैं लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं यहां हूं। सभी रुके हुए काम फिर से शुरू हो जाएंगे।
दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शहर की सभी सड़कों का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से तत्काल मूल्यांकन कराने को कहा है। गुरुवार को पत्रकारों से बात करते



हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने सीएम आतिशी को अगले तीन-चार दिनों के भीतर मूल्यांकन पूरा करने के लिए कहा है। हाल ही में तिहाड़ जेल से रिहा हुए केजरीवाल ने बताया कि उनके कारावास के दौरान कई परियोजनाओं में देरी हुई।

# मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया के असमय निधन पर शोक की लहर

● जीवन के कांटों भरी राह पर चलकर परिवार की राजनैतिक विरासत संभालने वाली प्रयागराज की यशश्वी एवं लोकप्रिय जन नेता के अंतिम दर्शन के लिए लखनपुर कार्यालय पर उमड़ा कार्यकताओं का जन सैलाब

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक और भाजपा नेता नीलम करवरिया का गुरुवार की रात बीमारी से निधन हो गया। वह लिवर सिरोसिस की बीमारी से पीड़ित थीं और हैदराबाद के किम्स सनसाइन हास्पिटल में पिछले दो दिनों से भर्ती थीं। इलाज के दौरान उन्हें अचानक हार्टअटैक आ गया। इसके बाद ब्लड प्रेशर लो होने लगा। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उन्हें वेंटीलेटर सपोर्ट भी दिया गया, लेकिन उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा था। देर रात अस्पताल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उल्लेखनीय है कि 55 वर्षीया श्रीमती नीलम कांटो भरी राह पर चलकर परिवार की राजनैतिक विरासत संभाला और 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट से



जीतकर विधानसभा पहुंची थीं। वर्ष 2022 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उनका स्वास्थ्य लगातार खराब होता गया। इसे देखते हुए आजीवन कारावास की सजा काट रहे नीलम के पति पूर्व विधायक उदयभान करवरिया को राज्यपाल के आदेश पर समय से पूर्व रिहा कर दिया था। उदयभान 25 जुलाई को नैनी सेंट्रल जेल से रिहा किए गए। रिहाई के बाद पत्नी के इलाज में लगे रहे। वहीं, नीलम के निधन की सूचना मिलने पर शुभचिंतकों एवं पार्टी कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ गई। श्रीमती करवरिया के शुभचिंतक एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता नित्यानंद उपाध्याय,विजयकांत मिश्र,सिद्धांत तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, रिंकू ओझा,अभिषेक तिवारी उर्फ टिंकू, विकास तिवारी उर्फ विक्की, संदीप तिवारी, राजा तिवारी, अंकित मिश्र मोनू तिवारी, लखन केशरी, संदीप तिवारी, मनोज तिवारी, धीरज दुबे, राजू तिवारी तथा आप पांडेय आदि के अलावा भारी संख्या में कार्यकर्तागण उनके लखनपुर स्थित कार्यालय पर अंतिम दर्शन के लिए जमा रहे।

## हाई वोल्टेज करेंट की चपेट में आने से पांच लोग गंभीर रूप से झुलसे

**मेजा।** मेजा के भटौती गांव में ट्रांसफार्मर पर 11 हजार वोल्टेज का तार गिर गया जिससे घरों में हाइवोल्टेज करंट दौड़ गया और कई लोग झुलस गए। जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेजा थाना क्षेत्र के भटौती (सतन का पूरा) गांव में शुक्रवार को दोपहर शंभूनाथ चतुवेर्दी के घर पर 11 हजार बोल्टेज का लाइन का तार टूटकर ट्रांसफार्मर पर पिघल कर गिर गया। जिससे ट्रांसफार्मर ब्लास्ट हो गया।ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होने के बाद घरों में करंट दौड़ गया। जिसमें 5 लोग घायल हो गए।

घायलों में नीलेश चतुवेर्दी (11), शांति देवी (35), संध्या (20),सोनू चतुवेर्दी (35), राम सवारी चतुवेर्दी (50) वर्ष झुलस गए। सभी घायलों को एक प्राइवेट हॉस्पिटल भीरपुर मे भर्ती कराया गया है। जहां इलाज चल रहा है। जिसमें राम सवारी और सोनू चतुवेर्दी ठीक हैं और बाकी लोगों का इलाज चल रहा है। इस घटना से लोगों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश है।

## सहसों रामलीला कमेटी सांसद से मिल बताई समस्या, मिला आश्वासन

**सहसों।** सहसों बाजार की रामलीला कमेटी द्वारा लीला मंचन के उपरांत दशहरा मेले के आयोजन में राम दल के लिए रास्ते की समस्या बनी हुई है वहीं दूसरी ओर जल निकासी रोड चौड़ीकरण आदि जन समस्याओं से सहसों वासी जूझ रहे हैं। सड़क तथा जल निकासी के समुचित व्यवस्था के लिए नाली निर्माण का प्रस्ताव भेज दिया गया है। जिससे बाजार वासियों सहित आसपास के कई गांव के लोगों को सुविधा हो सके।

आदर्श रामलीला कमेटी के लोगों ने रामलीला मंचन के उपरांत दशहरा मेला के दिन राम दल निकालने हेतु मार्ग की समस्या से फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल से मिलकर समस्या से अवगत कराया। वहीं पर वर्तमान समय में रामलीला मंचन, रामादल मार्ग को लेकर रामलीला पदाधिकारियों ने सांसद से बाजार में मौजूदा सड़क के अगल-बगल हुई गड्ढो की मरम्मत के लिए आग्रह किया है। ताकि रामलीला देखने वाले दर्शकों के साथ राम दल एवं दशहरा मेला परेशानी मुक्त संपन्न हो सके। रामलीला कमेटी के प्रबंधक अनुराग सिंह अन्नु , अध्यक्ष अजय केसरवानी एवं जयेश केसरवानी, जय किशन सोनी सहित आदि लोगों ने फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल से मिलकर बाजार की सड़क एवं जल निकासी की समस्या से अवगत कराया। जिस पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र ही सड़क चौड़ीकरण एवं जल निकासी के लिए नाली निर्माण का आश्वासन दिया। सांसद ने तत्काल में रामलीला मंचन एवं रामादल मार्ग तथा दशहरा मेला के मद्देनजर रामदल मार्ग पर मरम्मत कराके उसे व्यवस्थित कराने का आश्वासन दिया।

इस संबंध में सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल ने कहा कि सहसों बाजार में बाजार वासियों एवं जन समस्याओं को देखते हुए दोनों तरफ पांच मीटर सड़क चौड़ीकरण के साथ नाली निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। ताकि बाजार वासियों के साथ आम नागरिक को समस्याओं से निजात मिल सके।

## दुकान का ताला तोड कर लाखों की चोरी के मामले में पन्द्रह दिन बाद मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पन्द्रह दिन पूर्व कास्मेटिक की दुकान का ताला तोड चोरों द्वारा लगभग दो लाख के सामानों और नगदी की चोरी करने में सफल रहे। चोरों की फोटो सीसी कैमरे में कैद हो गई है। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी थी। जिसपर पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया0 है। मऊआइमा क्षेत्र में निरंतर चोरी का सिलसिला जारी है।नौ सितम्बर को चोरों ने ग्राम सराय बादशाह कुली निवासनीय गीतांजलि साहू पत्नी सुरेश कुमार के सड़क के निकट खोली गई कास्मेटिक की दुकान का ताला तोड चोरों ने दस हजार रुपए नगद सिक्के, लहंगा, जैवलरी, इन्वाइट, बैटरी, दुकान के अनेकों कीमती सामानों सहित सीसी कैमरे आदि चोरी कर ले गए। गीतांजलि साहू ने 9 सितम्बर को सुबह दुकान में लगभग दो लाख की चोरी देख कर सीसी कैमरे का रिकार्डर ग्रामीणों को देखाया तो दो की शिनाख्त गांव के ही लोगों को लोगों ने पहचान लिया जबकि 28 जुलाई को भी चोरी का असफल प्रयास किया गया था। गीतांजलि साहू ने मऊआइमा थाने में सीसी कैमरे के आधार पर नामजद तहरीर दी है। जिसका मुकदमा शुक्रवार को मऊआइमा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कोरांव कस्बे में दिन दहाड़े अपराधियों का नग्न तांडव

एक व्यक्ति को एक दुकान में घुस कर पांच लोगों ने बुरी तरह रोड पर गिरा गिरा कर मारा पुलिस थाना का सी यू जी नंबर न लगने पर 112 को की गई काल

**कोरांव।** कोरांव कस्बे में आए दिन दिन दहाड़े अराजक तत्वों से नागरिक और मार्केटिंग करने आए लोगों को बेइज्जत और मार खाना पड़ रहा है। कोरांव में कुछ अराजक तत्वों का एक गिरोह काफी दिन से सक्रिय है। जो बात बात पर लड़ाई झगडे पर आमादा और किसी भी व्यवसाई या किसी के भी घर में घुस कर मरना पीटना आम बात हो गई है। शुक्रवार को करीब तीन बजे गौतम स्वीट हाउस के आगे और बैंक आफ बड़ौदा कोरांव के आस पास सेठ मिठाई लाल के दुकान में बैठे एक ग्राम पैतीहा का राजेश गुप्ता तीस वर्ष सामग्री खरीद रहा था। चार पांच युवक आए और दुकान में घुस कर बुरी तरह मारने पीटने लगे। दुकानदार और बैठे अन्य खरीद दार तथा कुछ लोगों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उक्त लोगों को भी धमकाने लगे। और निरंतर लात घूंसों से पिटाई करते रहे पिट रहा व्यक्ति जन बचाने अन्य दुकान में भागा वहां भी घुस कर हमलावरों ने बुरी तरह मारना पीटना जारी रखा, भीड़ तमाशबीन बनी रही। यह वारदात देख एक वरिष्ठ पत्रकार से नहीं रहा गया तो इंस्पेक्टर को फोन किया उनका फोन ही नहीं कई बार ट्राई करने पर लगा। तो काफी प्रयास पर इमरजेंसी काल 112 को मिलाया तब पुलिस वाले घटना स्थल पर पहुंचे। इसके पूर्व हमलावर एक गली में घसीट कर जान से मारने या गायब करने के उद्देश्य से दिन दहाड़े उठा ले जाने लगे। तब तक कस्बे के दरोगा पुलिस कर्मी टीम सहित पहुंच गए और पुलिस को देख अपराधी भाग निकले। फिलहाल पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से हमलावरों की हरकत को देखा और सेव किया। इतना उग्र नग्न तांडव देख सभी हैरत में थे कि अपराधी को पुलिस या किसी अन्य का जरा भी खौफ नहीं था। जो छुड़ाता उसी को धकियाते। उक्त हरकत से कस्बे के व्यवसाई क्षुब्ध हैं। और दहशत में हैं।पता चला कि हमलावर एक नीला रंग के न्यू हालैंड ट्रैक्टर जो जाम में था,बैटरी रिक्शे में थोड़ा टच होने पर हस्तक्षेप करते हुए उस व्यक्ति ने बोल दिया था जिससे उस पर गुस्सा उतरने लगे। फिलहाल पुलिस ने अपराधियों की तलाश कर रही है और ट्रैक्टर की। लेकिन दिन दहाड़े उक्त घटना से सभी कस्बे और आम जन नाराजगी दिखाए। और उक्त निर्भय हमलावरों को पकड़ कर सारे बाजार में ठोकाई करते हुए माफी नगर वासियों से मांगवाएं जाने तथा जेल भेजे जाने की मांग की है।

# श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गुरु मां अनुरज्जिका ने सुनाई वामन अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा

**अखंड भारत संदेश**

कठौली गांव में संचालित श्रीमद् भागवत कथा भाग 4







**मेजा।** कठौली गांव में बीते 24 सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचिका डा अनुरज्जिका चतुवेर्दी ने अपनी मृदुल वाणी से वामन अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आधारित कथा सुनाई जिसे सुनकर उपस्थित श्रोतागण भाव विभोर हो उठे और भक्ति के रस में लीन होकर झूमने लगे। इस दौरान नजारा ऐसा रहा कि मानों भगवान श्रीकृष्ण सचमुच ही कठौली गांव में अवतरित हो गए हैं पूरा श्रीमद् भागवत कथा परिसर भक्तिभाव से गुंजायमान रहा। उल्लेखनीय है कि श्रीमद् भागवत कथा दौरान बाबा भोलेनाथ के धाम काशी से पधारी मुख्य कथा व्यास श्रीमती चतुवेर्दी द्वारा सुनाई जा रही सुनने के लिए दूर दराज गांवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं और श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं। कथा के मुख्य यजमान सुभाषचंद्र शर्मा और श्रीमती सुषमा शर्मा रही। 28 सितंबर की कथा श्रीकृष्ण बाल लीला पर आधारित होगी। शुक्रवार इस कथा के श्रवण हेतु कार्यक्रम के आयोजक ने सभी भक्त गणों से शाय 4 बजे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया है। इस मौके पर कठौली गांव के प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर शर्मा पप्पू भैया जी,बालेंद्र कुमार गौतम, भानु प्रताप गौतम, डा अनिल शर्मा, ज्योति प्रकाश शर्मा, जिया लाल केशरी, रमेश केशरी, कमलेश पांडेय, सचिन अवस्थी, जितेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा तथा श्रीरामेश शर्मा ,श्रीमती सविता शर्मा स्व जालेंद्र, शुभम शर्मा व श्रीमती अंकिता शर्मा, निशांत शर्मा,एवं प्रिया शर्मा आदि के अलावा गांव के कई अन्य सम्मानित संभ्रांत श्रोतागण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मानस रामलीला समिति ने किया शोक सभा का आयोजन

**नैनी।** नैनी मानस रामलीला समिति ने किया शोक सभा का आयोजन पूर्व विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया के आकस्मिकमें निधन पर रामलीला के पदाधिकारी ने शोक सभा का आयोजन किए। रामलीला संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव के नेतृत्व में कॉटन मिल तिराहा स्थित मानस रामलीला समिति कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर उनके आकस्मिक निधन पर ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि ईश्वर अपने चरणों में स्थान प्रदान करें उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें श्रीमती नीलम करवरिया एक भाजपा की मानी जानी बड़ी नेता थी जिन्होंने कार्यकताओं का सदैव ही सम्मान किया अपने क्षेत्र के विकास के लिए 24 घंटा तट पर रहती थी ऐसे नेता का निधन और भाजपा के लिए बहुत बड़ी हानि है। इस अवसर पर संरक्षक समर बहादुर संरक्षक सुशील शुक्ला अजहर भाई संरक्षक राकेश श्रीवास्तव अध्यक्ष धीरेंद्र यादव उर्फ धीरू महामंत्री नयन कुमार कुमार कुशवाहा उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष राज सिंह मंत्री सुधीर प्रजापति कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारी कार्यवाहक अध्यक्ष संजय जयसवाल मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव शोक सेवा में उपस्थित रहे।

## युवक पर कातिलाना हमला बेहोश मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर लाठी डंडा फावडे से जानलेवा हमला कर दिया गया। जिससे वह बेहोश हो गया। पुलिस ने सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जख्मी को अस्पताल में भर्ती कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर बराडीह निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र संतलाल का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर उसके ऊपर लाठी डंडा फावड़ा से कातिलाना हमला करके बेहोश कर दिए।जिससे वह काफी जख्मी हो गया।जान से मारने की धमकी भी दी गई। धर्मेन्द्र कुमार ने मऊआइमा थाने में आशीष, राजेन्द्र, महेश, दीपक,सोनू,राज





कुमार, मुनिराज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। जख्मी धर्मेन्द्र कुमार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# महिला प्रधान गांव की सुख समृद्धि के लिए सशक्त बनें : जगदीश त्रिपाठी

करछना , चाका एवं कौंधियारा ब्लाक की महिला प्रधानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण

**करछना।** निर्वाचित महिला प्रधानों को सशक्त नेतृत्व का कार्यभार निभाने की जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी सरकार द्वारा पंचायती राज व्यवस्था में आरक्षण के तहत महिलाओं को विशेष तौर पर अधिकार दिए हैं जिसका सही ढंग से पालन करने के लिए निर्वाचित महिला प्रधान गांव के सुख एवं समृद्धि के लिए कदम बढ़ाये जिससे गांव का विकास एवं क्षेत्र में विकसित एक पहचान बन सके ब्लॉक सभागार में आयोजित निर्वाचित महिला प्रधानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान वीडियो प्रयागराज जगदीश त्रिपाठी ने प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को विस्तृत जानकारी देते हुए पंचायती राज



व्यवस्था के अधिकारों को सही ढंग से गांव स्तर पर विकसित करने के लिए प्रेरित किया प्रशिक्षण में विकास खंड करछना ,चाका एवं कोंधियारा की 34 निर्वाचित महिलाएं उपस्थित हुई जिन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई महिला प्रधानों का नेतृत्व क्षमता संचार कौशल एवं लौगिक विषयक दो दिवसीय अनावाशीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन जिला प्रशिक्षण अधिकारी जिला ग्राम विकास संस्थान बसनेटा प्रतापपुर प्रयागराज इसके संयोजक उपनिदेशक पंचायत प्रयागराज एवं पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के निर्देश पर यह कार्यक्रम दो दिवसीय आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक पंचायत जगदीश त्रिपाठी प्रयागराज खंड विकास अधिकारी करछना चन्दन देव पांडेय ,एडीओ पंचायत राम शिरोमणि त्रिपाठी, डॉक्टर गिरधारी लाल तिवारी, मुख्य प्रशिक्षक डॉक्टर रिचा शेखर ,गौरी शंकर भारती वरिष्ठ प्रशिक्षक, अजीत सिंह तथा महिला प्रधानों का नेतृत्व कर रही ग्राम विकास अधिकारी करछना विकास खंड दीप्ति मिश्रा, इस मौके पर महिला प्रधानों में वंदना देवी संगीता देवी प्रिया यादव कमला देवी कृष्णावती राजकुमारी राजवंता देवी, गुजराता देवी, निर्मला देवी, मंजूलता श्रीवास्तव, अनिता देवी ,कुसुम देवी ,नीलम पथिक ,मिथिलेश जायसवाल ,सहित 34 महिला प्रधानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तृत जानकारी दी गई।

## न्यूज झरोखा

### मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया के निधन पर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने जताया दुःख



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने लोकप्रिय जन नेता एवं प्रयागराज के मेजा विधान सभा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया जी के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि नीलम जी एक अच्छे जन नेता और पारिवारिक व्यवहार के लिए सदैव जानी जाएगी। इस दुनिया से उनका असमय जाना समाज , संगठन, शुभचिंतकों तथा उनके समर्थकों के लिए अपूर्णनीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी दिवंगत आत्मा को अपने लोक में स्थान दें तथा परिजनों को उनका वियोग सहने की शक्ति प्रदान करें।

### पूर्व विधायक नीलम करवरिया के असमय निधन पर जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने जताया दुःख



**मेजा।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने प्रयागराज की यशश्वी एवं लोकप्रिय जन नेता तथा मेजा विधान सभा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया जी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। श्री गौतम प्रयागराज स्थित कार्यालय पर अपने समर्थकों के साथ श्रीमती करवरिया के असमय निधन पर दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दिया और कहा कि मेजा क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत रही नीलम जी कांटो भरी राह पर चलकर परिवार की राजनैतिक विरासत को संभाला है और एक अच्छे जन नेता और पारिवारिक व्यवहार के लिए सदैव जानी जाएगी। इस दुनिया से उनका असमय जाना पार्टी,समाज , संगठन, ने शुभचिंतकों तथा उनके समर्थकों के लिए जहां काफी दुखद है वहीं इन सभी के लिए अपूर्णनीय क्षति है। जिलाध्यक्ष श्री गौतम ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा है कि उनकी दिवंगत आत्मा को अपने स्वर्गलोक में स्थान दें तथा परिजनों को उनका वियोग सहने की शक्ति प्रदान करें।

### नैनी में जिला पंचायत अध्यक्ष ने शोक सभा का आयोजन किया



**नैनी।** नैनी मेजा से बीजेपी की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया के निधन पर शोक सभा का आयोजन समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार के नेतृत्व में पूर्व विधायक मेजा पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की धर्म पत्नी श्रीमती नीलम करवरिया की आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए समाजसेवी सुधीर शर्मा ने कहा ऐसा जनप्रतिनिधि के बीच से चला जाना जो सदैव ही जनता का सम्मान गरीबों की भलाई की लड़ाई हमेश लड़ती थी एवं कार्यकताओं का सम्मान देती थी। शोक सभा करके ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि उनको अपने चरणों में स्थान प्रदान करें एवं आत्मा को शांति प्रदान करें। इस मौके पर मंटू सिंह बबलू सिंह विनय सिंह मोनू सिंह राजेश साहू संजय मिश्रा विनोद केसरवानी टुनटुन पांडे डॉ संदीप पाल कुलदीप शर्मा सभा कर दो मिनट का मन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### पूर्व विधायक नीलम करवरिया के निधन पर मांडा कार्यकर्ताओ में शोक

**मांडा।** मेजा विधानसभा सीट से बीजेपी विधायिका रहीं नीलम करवरिया की बीमारी के चलते निधन हो गया। उन्हें लिवर सिरोसिस की बीमारी थी। यही कारण है कि वह कुछ दिनों से हैदराबाद के निजी अस्पताल में भर्ती थीं। हालत ज्यादा गंभीर होने से डॉक्टर गुरुवार को उन्हें वेंटिलेटर पर रख दिये थे, लेकिन उनमें कोई सुधार नहीं हो रहा था। देर रात अस्पताल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की सूचना पर मांडा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में उनके समर्थक उनके आवास पर पंहुचने लगे।उनकी दो बेटियां समृद्धि व साक्षी करवरिया और एक बेटा सक्षम है।

### भाजपा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया का निधन, शोकाकुल हुआ क्षेत्र



**जंघई।** पूर्व भाजपा विधायक नीलम उदयभान करवरिया का निधन हो गया है उनका निधन गुरुवार देर रात हैदराबाद के अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ। नीलम करवरिया लीवर ट्रांसप्लांट के लिए पिछले कुछ दिनों से हैदराबाद के अस्पताल में भर्ती थीं बीती रात तबीयत बिगड़ने पर वेंटिलेटर पर रखा गया था हालांकि वेंटिलेटर सपोर्ट के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। नीलम करवरिया का पार्थिव शरीर शुक्रवार को एयर एंबुलेंस से वाराणसी पहुंचा और सड़क मार्ग से पार्थिव शरीर लखनपुर कार्यालय लाया गया जहां पर हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। उसके बाद प्रयागराज में उनके कल्याणी देवी स्थित आवास पार्थिव शरीर लोगों के दर्शनार्थ रखा गया है उनका अंतिम संस्कार 28 सितंबर को सुबह 10 बजे प्रयागराज के रसूलाबाद घाट पर होगा। नीलम करवरिया अपने पीछे दो बेटियां समृद्धि और साक्षी और एक बेटे सक्षम करवरिया को छोड़ गई हैं। नीलम करवरिया 2017 के विधानसभा चुनाव में प्रयागराज की मेजा सीट से बीजेपी के टिकट पर विधायक चुनी गई थीं। वह बेहद मिलनसार और शांत व्यवहार की थीं अपने मृदभाषी स्वभाव की वजह से वह जनता के बीच खासी लोकप्रिय थीं पति पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के जेल जाने की वजह से नीलम करवरिया ने सक्रिय राजनीति में कदम रखा था और विधानसभा का चुनाव लड़ी थीं जीवन के पहले ही चुनाव में वह विधायक चुनी गई थीं। नीलम करवरिया प्रयागराज के बेहद रसूखदार राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती थीं उनके पति उदयभान करवरिया भी दो बार विधायक रहे हैं, जेठ कपिलमुनि करवरिया प्रयागराज की फूलपुर सीट से सांसद रहे हैं, जबकि देवर सूरजभान करवरिया विधान परिषद के सदस्य रहे हैं। नीलम करवरिया के निधन से परिवार और समर्थकों में शोक है उनकी कोठी पर श्रद्धांजलि देने और शोक जताने वालों की भीड़ उमड़ी और हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### पूर्व विधायक नीलम करवरिया के निधन पर शोक दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** गारापुर स्थित नवयुवक ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कार्यालय पर समाज के द्वारा एक शोक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व विधायक मेजा नीलम करवरिया पत्नी पूर्व विधायक उदयभान करवरिया का गुरुवार की देर रात निधन हो जाने पर लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अश्रु पूरित श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए नवयुवक ब्राह्मण समाज के संस्थापक/अध्यक्ष लवकेश मिश्रा ने गहरा दुःख जताते हुए शोक प्रकट कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नीलम करवरिया अपने अच्छे संस्कारों एवं मृदभाषी, सरल स्वभाव के चलते 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में मेजा विधानसभा से विधायक चुने गईं और वह जनता के हर सुख दुःख में साथ चलते हुए अपना 5 साल के कार्यकाल को पूरा किया। उन्होंने कहा ब्राह्मण समाज के शुभ चिंतक होने के साथ करवरिया परिवार प्रयागराज की धरती पर ब्राह्मण समाज का शिरोमणि रहा है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रख कर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। बैठक में प्रमुख रूप से कमलाकांत शुक्ला, प्रमोद कुमार शुक्ला, विजय कुमार तिवारी, डॉक्टर ए एन मिश्रा, किशन शुक्ला, पंकज शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, शेष नारायण तिवारी सूर्यमणि पांडे, पवन शुक्ला सहित आदि लोग श्रद्धांजलि देते उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने केन्द्रीय कारागार नैनी का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**माननीय जनपद न्यायाधीश ने बंदियों से बातचीत करते हुए व्यवस्थाओं के बारे में ली जानकारी**

**बंदियों को मीनू चार्ट के अनुसार प्रतिदिन दिया जाये गुणवत्तायुक्त भोजन व नाश्ता**

**माननीय जनपद न्यायाधीश ने केन्द्रीय कारागार परिसर में वीसी रूम के बाहर टीन शेड व कुर्सियों की व्यवस्था करने तथा बंदियों के हेल्थ चेकअप हेतु हेल्थ चेकअप माइक्रो यूनिट लगाने के लिए कहा**



**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश संतोष राय, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के द्वारा शुक्रवार को केन्द्रीय कारागार, नैनी का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीसीपी यमुनानगर विवेक कुमार यादव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शशि कुमार, जेलर अंजनी कुमार गुप्ता, जेलर डॉ0 आलोक कुमार व चिकित्साधिकारी डॉ0 वेद प्रकाश चन्द्र सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। वही जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय कारागार में कारागार चक्र संख्या-4, चक्राधिकारी कार्यालय, चिकित्सालय, रसोई घर का निरीक्षण करते हुए वहां पर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला जज एवं जिलाधिकारी ने रसोई घर में बंदियों को दिए जाने वाले प्रतिदिन भोजन व नाश्ते का मीनू चार्ट के अनुसार जानकारी लेते हुए भोजन बनाने की व्यवस्था को देखा तथा कितने बंदियों के लिए एवं कितनी मात्रा में क्या बन रहा है, की जानकारी लेते हुए खाने की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। माननीय जनपद न्यायाधीश ने विचाराधीन कैदियों से बातचीत कर उनको प्राप्त हो रही विधिक सेवाओं एवं उनके हिस्ट्री टिकट को देखते हुए सम्बंधित आपराधिक प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने बंदियों से बीमारी, खान-पान एवं साफ-सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। माननीय जिला जज एवं जिलाधिकारी के द्वारा केन्द्रीय कारागार परिसर स्थित वीसी रूम में अत्यधिक भीड़ व वहां पर कम स्थान होने के दृष्टिगत वीसी रूम के बाहर टीन शेड व कुर्सियों की व्यवस्था किए जाने तथा बंदियों के हेल्थ चेकअप की व्यवस्था हेतु हेल्थ चेकअप माइक्रो यूनिट लगाये जाने व अन्य आवश्यक व्यवस्थायें उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है।

## दो सहेलियां शास्त्री पुल से गंगा में कूदी, जल पुलिस ने बचाया

**झूंसी।** शास्त्री पुल पर शुक्रवार की सुबह उसे वक्त अफरा तफरी मच गई जब दो युवतियां हाथ पड़कर शास्त्री पुल से गंगा में छलांग लगा दी लोगों ने शोर मचाया तो जल पुलिस के जवान मौके पर पहुंच कर दोनों को बचाया। झूंसी के नीबी व सरायइनायत की दो युवतियां आपस में अच्छी दोस्त है। शुक्रवार को दोनो एक साथ साधन से शास्त्री पुल पर पहुची और दोनों हाथ पकड़ कर उफनाई गंगा में छलांग लगा दी। युवतियों के गंगा में कूदते ही पुल से गुजरने वाले लोग शोर मचाने लगे। घाट पर मौजूद जल पुलिस के जवानों ने दोनों को बचा कर झूंसी पुलिस को सौप दिया। पहले युवतियां अपना नाम पता सही नही बात रही थी। बाद में बताया तो दोनों के परिजनों को पुलिस ने बुला कर उन्हें सौप दिया। पुलिस की माने तो पारिवारिक कलह के चलते दोनो ने यह आत्मघाती कदम उठाया था।



## संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर 10 अक्टूबर को होगा विशाल धरना प्रदर्शन

**प्रयागराज।** प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर प्रयागराज मंडल का विशाल धरना प्रदर्शन 10 अक्टूबर को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय प्रयागराज पर होना है। मंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मौर्य के अध्यक्षता में सुनिश्चित हुआ है, जिसमें संगठन की पिछले कई आंदोलनों से की जा रही मांग शासन द्वारा न देने में मुख्य रूप से माध्यमिक विद्यालय का राजकीयकरण, पुरानी पेंशन, सिटीजन चार्टर्ड, कैशलेस निशुल्क चिकित्सा सुविधा, इत्यादि कई मांगों को लेकर जे डी कार्यालय प्रयागराज का घेराव होगा। प्रदेश, मंडल एवं जनपद के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया है इसमें प्रदेश संरक्षक डॉक्टर हरि प्रकाश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा, प्रदेश आय व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह द्वय प्रदेश मंत्री तीर्थराज पटेल संदीप शुक्ला जिला अध्यक्ष मोहम्मद जावेद जिला मंत्री देवराज सिंह जिला संरक्षक लालमणि यादव जिला कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार पूर्व जिला मंत्री गोंडा विजय प्रकाश भारतीय विद्रोही सदस्य विजय यादव आशीष कुमार गुप्ता अशोक कुमार पटेल सुरेंद्र सिंह अशोक कुमार आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे तथा बैठक का संचालन मंडल मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह ने की।

# 26 साल से कानूनी लड़ाई लड़ रहे शिक्षक को मय ब्याज मिलेंगे 1,25,92,090 रुपये, हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा निदेशक को 26 साल से बकाया वेतन पाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे शिक्षक का भुगतान एक हफ्ते में करने का निर्देश दिया है। ऐसा करने से विफल रहने पर 30 सितंबर को अदालत में अवमानना की कार्यवाही के लिए हाजिर रहने का आदेश दिया है। हैरान कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की लेटलतीफी की वजह से सरकार को ब्याज के रूप में 88 लाख रुपये भुगतान करना पड़ेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की अदालत ने बलिया के जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची की नियुक्ति मृतक आश्रित कोटे में दो जुलाई 1994 से जूनियर हाईस्कूल बलिया में हुई थी। तब से वह बिना वेतन के पढ़ा रहा था। हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल, 2002 को याचिका मंजूर करके बीएसए को नियमित वेतन भुगतान का निर्देश दिया। साथ ही नौ प्रतिशत ब्याज के साथ बकाये वेतन का भुगतान तीन माह में करने का निर्देश दिया था। लेकिन, तत्कालीन बीएसए ने आदेश का पालन नहीं किया।

**आदेश के बावजूद टाल मटोल करते रहे अधिकारी :**

इसके बाद याची ने एक अन्य याचिका 2009 में भी दाखिल की। उस पर भी मय ब्याज बकाये वेतन का भुगतान करने का आदेश हुआ। इसके बावजूद भुगतान नहीं हुआ। मजबूर शिक्षक ने 2009 में अवमानना याचिका दाखिल की, जो 14 साल बाद आज भी लंबित है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शिक्षा विभाग से जवाबी हलफनामा मांगा था। आदेश के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलिया और बेसिक शिक्षा विभाग वित्त नियंत्रक व्यक्तिगत हलफनामे दाखिल कर बताया कि रिट कोर्ट के आदेश के अनुपालन के संदर्भ में बेसिक शिक्षा निदेशक को याची के बकाये 1,25,92,090/-रुपये स्वीकृत करने के लिए पत्र लिखा गया है। इसमें वेतन का बकाया और बकाया राशि पर ब्याज भी शामिल है। कोर्ट ने पाया कि निदेशक की स्वीकृति का अभाव में एक तरफ 14 साल से याची कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। दूसरी ओर याची को मिलने वाली धनराशि का ब्याज 88 लाख रुपये से ऊपर जा चुका है। कोर्ट ने हैरानी जताई कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकार याची को 88 लाख रुपये का भुगतान करेगी। यह भुगतान देश के करदाताओं के रुपयों से होगा। कोर्ट ने बेसिक शिक्षा निदेशक को 30 सितंबर तक याची का पूरा बकाया ब्याज सहित भुगतान कर हलफनामा दाखिल करने निर्देश दिया है। अनुपालन न करने पर निर्धारित तारीख पर अवमानना का आरोप निर्मित कराने के लिए अदालत के हाजिर रहने का आदेश दिया है।

## गुमशुदा महिला की तलाश में दर-दर भटक रहा पति

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव की एक महिला एक सप्ताह से लापता है। महिला की तलाश में उसका पति दर-दर भटक रहा है। गुमशुदा महिला का पति पूरामुफ्ती थाना में गुमशुदगी दर्ज कराकर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। केशवपुर गांव निवासी बचऊ पुत्र खिन्नीलाल ने पूरामुफ्ती थाना में शिकायती देकर बताया कि मेरी पत्नी सविता देवी बीजेपी विधायक के स्कूल में गार्ड का काम करती थी। उन्नीस सितंबर को प्रतिदिन की तरह वह घर से सुबह 6:00 बजे यह कहकर निकली कि मैं सुलेम सराय स्थित मधुवचस्पति स्कूल में ड्यूटी करने जा रही हूं अपने साथ सात वर्ष का बेटा आदेश कुमार को भी ले गई है। तब से लेकर आज तक घर वापस नहीं लौटी हर जगह ढूंढने के बावजूद कहीं भी पता नही चला है और उसका फोन भी बंद है जिससे उसका संपर्क अपनी पत्नी से नही हो पा रहा है। फोन बंद होने के कारण उसका पति अनहोनी की आशंका जाहिर कर रहा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**जिलाधिकारी ने बैंको में लम्बित पत्रावलियों का नियमानुसार शीघ्रता के साथ निस्तारण कराये जाने के दिए निर्देश, 50 प्रतिशत से कम सीडी रेशियों वाले बैंको के प्रतिनिधियों से जतायी नाराजगी, सुधार करने के दिए निर्देश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न बैंको के प्रतिनिधियों को सरकार की योजनाओं से संबंधित पत्रावलियों का नियमानुसार शीघ्रता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं सरकार द्वारा प्रायोजित अन्य योजनाओ के अन्तर्गत अधिक से अधिक पात्र लोगो को चिन्हित कर उन्हें ऋण वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंकों को लम्बित आवेदनों के निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सरकार की योजनाओं में रूचि न लेने वाले बैंको के प्रतिनिधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि बैंक सरकार द्वारा प्रायोजित योजना में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और पात्र लोगो का चयन करते हुए उन्हें योजना से लाभान्वित करें, नहीं तो सम्बंधित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के सीडी रेशियों की बैंकवार विस्तृत समीक्षा करते हुए 50 प्रतिशत से कम सीडी रेशियों वाले बैंकों के जिला समन्वयकों से नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्यों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्राथमिक क्षेत्र को सभी बैंक समय पर ऋण वितरण कर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रियता से कार्य करें। जिलाधिकारी ने जिले के विकास के लिए प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरित कर विकास में सहभागी बनने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचेगा, तो कृषि संबंधित ऋण में अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकेंगे। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर लोगो को योजनाओं के बारे में जानकारी दिए जाने के लिए कहा है। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि कृषि, रिटेल, सूक्ष्म लघु उद्योग एवं मध्यम उद्योग के क्षेत्र में अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत करें, जिससे कि जिले का सीडी रेशियों औसत सीडी रेशियों के बराबर में लाया जा सके। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को केसीसी व फसली बीमा से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने जिले के सभी बैंकों को निर्देश दिया कि जो भी निर्देश इस बैठक में दिया गया, उन निर्देशों का पालन सभी बैंक सुनिश्चित करें ताकि जिले के विकास में और गति लाया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, एलडीएम मणि प्रकाश सिंह, सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण, बैंकों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन संपन्न



**प्रयागराज।** भा.वा.अ.शि.प. पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज एवं राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत के संयुक्त तत्त्वाधान में हिंदी पखवाड़ा के अन्तर्गत शुक्रवार को प्रकृति, पर्यावरण एवं वन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आचार्य सत्यकाम, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज तथा मंचासीन गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। केन्द्र प्रमुख डॉ. संजय सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए बताया कि वैज्ञानिक अनुसंधान को जन सामान्य तक पहुँचाना आवश्यक है, जिसके लिए हिंदी उपयुक्त माध्यम है। राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अधिशासी सचिव डॉ. सन्तोष शुक्ला ने उद्बोधन में अकादमी के द्वारा विज्ञान प्रसार के कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं आयोजन सचिव डॉ. अनुभा श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया गया। विशिष्ट अतिथि अजय कुमार चौधरी, सहायक निदेशक, राजभाषा, भारत सरकार, गाजियाबाद ने कार्यालय में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि आचार्य सत्यकाम ने हिंदी माध्यम से आयोजित कार्यक्रम की सराहना की तथा अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान की भाषा को विभिन्न लोक भाषाओं से शब्द आत्मसात करके सरलीकृत करने से ही लाभ होगा। उन्होने कहा कि यदि आपका संस्थान विज्ञान के क्षेत्र में किसी प्रकार की अध्ययन सामग्री तैयार करने का इच्छुक हो, जो विद्यार्थियों के हित में हो तो इसे विश्वविद्यालय के सर्टिफिकेट कोर्स में सम्मिलित किया जा सकता है। केन्द्र द्वारा प्रकाशित यथा-वृक्षारोपण तकनीक, कृषकों की आर्थिक समृद्धि हेतु-चन्दन, कृषिवानिकी में उपयोगी मीलिया डूबिया, कृषकों की आर्थिक समृद्धि हेतु-सहजन की खेती तथा समृद्धि का सतत साधन-महोगनी के साथ कृषिवानिकी प्रजातियाँ एवं प्रबन्धन विषय पर आधारित अनुसंधान पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनीता तोमर द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. धनंजय चोपड़ा, मीडिया एवं सम्पर्क विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा बदलती दुनिया, बदलती प्रकृति और जन-जागरूकता विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि भाषा की गतिशीलता को रोकने का प्रयास न किया जाए। प्रथम तकनीकी सत्र में आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ. उमेश कुमार सिंह, पर्यावरण विज्ञान विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा कृषि और मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव विषय पर तथा डॉ. शैलेन्द्र राय, प्रोफेसर, के. बनर्जी, वायुमण्डलीय महासागर अध्ययन केन्द्र, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के द्वारा भारतीय ग्रीष्म कालीन मानसून भविष्यवाणी की चुनौतियां और सम्भावनाएं विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तकनीकी व्याख्यान में डॉ. मृदुला त्रिपाठी, प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, सीएमपी डिग्री कॉलेज तथा डॉ. पूनम शुक्ला, सहा. प्रोफेसर, हेमवती नन्दन बहुगुणा महाविद्यालय के साथा केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कुमुद दूबे द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। द्वितीय तकनीकी सत्र आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ. अश्वनी कुमार, एसो. प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा डॉ. सत्येन्द्र नाथ, एसो. प्रोफेसर, वानिकी महाविद्यालय, शुआट्स द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। तकनीकी व्याख्यान में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनीता तोमर, आलोक यादव एवं डॉ अनुभा श्रीवास्तव के साथ प्रेम कुमार पटेल, डॉ. आदिनाथ, प्रोफेसर, नेहरू ग्राम भारती समविश्वविद्यालय, डॉ. पंकज श्रीवास्तव, सहा. प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अन्तिम सत्र में विद्यार्थियों यथा उज्जी पुष्प लता, अनूप कुजूर, रूपम दास, महुआ पाल, स्वाती प्रिया, राहुल निषाद, दर्शिता रावत, आशीष कुमार यादव, सत्यव्रत सिंह तथा सांचिली वर्मा आदि शोध छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत सारांश का व्याख्यान दिया गया। संगोष्ठी में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## अरैल में चार दिनों से पानी के लिए तरसे ग्रामीण

**नैनी।** नैनी अरैल सच्चा बाबा नगर स्थित ट्यूबवेल चार दिनों से खराब है अधिकारियों कुंभकरणीय नींद में सो रहे हैं संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं अधिकारी मस्त हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिला प्रशासन से अपील करते हुए संजय श्रीवास्तव ने कहा तत्काल ट्यूबवेल को बनवा कर चालू करवाया जाए। स्थानीय लोगों ने ध्रुव तिवारी डॉक्टर सुभाष कुशवाहा महेश वर्मा पहलाद तिवारी मनोज पांडे धीरज यादव डॉक्टर सुभाष कुशवाहा राम जी श्रीवास्तव कार्तिकेय पुरी बाबूजी यादव कार्यकर्ता ने तत्काल ट्यूबवेल को बनवाने की मांग की।

# चलती ट्रेन में पत्थर फेंकने वाले अरेस्ट

**सीमांचल एक्सप्रेस पर की थी पत्थरबाजी**



**प्रयागराज।** आनंद बिहार से बरौनी (बिहार) जाने वाली सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन पर प्रयागराज में पथराव के मामले में रेलवे पुलिस ने एक युवक को अरेस्ट कर लिया। ट्रेन नंबर 12488 सीमांचल एक्सप्रेस पर पत्थर प्रयागराज के रहने वाले मोहम्मद शमीम उर्फ गोलू ने चलाया था।अब शमीम को पुलिस ने अरेस्ट किया तो प्रयागराज के आउटर, ब्रिजों के आसपास चलती ट्रेनों में पथराव के कई मामलों से पर्दा उठने लगा। शमीम ने कबूल किया कि वह और उसके साथी कई चिह्नित जगहों पर चलती ट्रेन पर पत्थर मारते हैं ताकि यात्रियों के हाथ से मोबाइल या फिर अन्य सामान गिर जाए।ट्रेन स्पीड में होती है, ऐसे में यात्रियों का सामान गिरने पर यह युवक उसे लेकर निकल भागते हैं। असल में प्रयागराज में पटरी पर दौड़ती ट्रेनों पर लगातार पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आती रहीं हैं। इन पत्थरबाजों के लिए कई मुफीद स्पॉट हैं।हालांकि घटनाओं के कई इलाकों में अलग-अलग युवक की टोली वारदात को अंजाम देती है। प्रयागराज नैनी ब्रिज के पहले और बाद में यात्रियों के मोबाइल लूटने की कई घटनाएं सामने आती रहीं हैं। यहां चलती ट्रेनों पर यात्रियों के पत्थर फेंक मोबाइल लूटने की घटनाएं तो होती ही हैं, साथ ही पुल की वजह से ट्रेन की स्पीड कम कर दी जाती है, ऐसे में बदमाश किस्म के युवक यात्रियों के हाथ से मोबाइल छीनकर भी भाग जाते हैं।

**किन किन रेलवे ट्रैक पर यात्री निशाने पर**

नैनी ब्रिज के आसपास के अलावा शहर के कई इलाके हैं जहां से आबादी के बीच ट्रेनें गुजरती हैं और वारदात होती रहती हैं। इसमें साउथ मलाका, नार्थ मलाका, सोहबतियाबाग, मोहत्सिमगंज, आरोरा बाबा की बगिया, छिवकी, नैनी, रामबाग और प्रयाग के आसपास के इलाके ऐसे हैं जहां कई युवक इस तरह की वारदात अंजाम देते हैं।ये तो शहरी इलाके हैं इसके अलावा कौशांबी लेकर प्रयागराज तक कई ऐसे गांव हैं जहां रेलवे लाइन पर योजना बनाकर युवकों की टोली पत्थर चलाकर सामान गिराने की कोशिश करती है।जीआरपी-आरपीएफ के साथ रेलवे की टीमें जागरूकता, पहचान के लिए घूमती हैं लेकिन कार्रवाई न के बराबर होती है।

## न्यूज झरोखा

### 155 घंटे महा सफाई अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम सफाई मित्रों का सम्मान समारोह संपन्न



**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज सफाई मित्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया इसके अंतर्गत सफाई मित्रों में उत्साहवर्धन था और सफाई मित्रों से आग्रह किया की कुंभ 2025 को मध्य नजर रखते अपने प्रयागराज शहर को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने मेंअपना पूरा सहयोग देखें। इस कार्यक्रम के दौरान जोन-04के जोनल अधिकारी संजय ममगाई जी , रत्नाकवीरेंद्र विक्रम सिंह जी, रत्नाकरंजन श्रीवास्तव जी नगर निगम प्रयागराज जोन -04 के संपूर्ण स्टाफ,सृष्टि टीम के सदस्य उपस्थित थे

### एनजीबीयू में कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न



**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के खेलकूद परिषद द्वारा द्विदिवसीय अंतसंर्काय कबड्डी प्रतियोगिता जमुनीपुर परिसर में आयोजित हुई, जिसमें पहले दिन बालक वर्ग में कला संकाय ने प्रथम तथा वाणिज्य संकाय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों का परिचय प्रो. भावेश चन्द्र दुबे तथा प्रो. विनोद पाण्डे ने प्राप्त किया। दूसरे दिन बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विज्ञान संकाय विजेता तथा कला संकाय उपविजेता रहा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. शिखा खरे, अपर कुलसचिव (प्रशासन) डॉ. राजेश कुमार तिवारी तथा डॉ. किरण गुप्ता ने परिचय प्राप्त किया। क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु शेखर सिंह ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद मिश्र, एस. एस. मिश्र, डॉ. सव्यसाची, डॉ. संतेश्वर मिश्रा, डॉ. छाया मालवीय, डॉ. रमेश चन्द्र मिश्र, डॉ. किरण सिंह, डॉ. शिवाश्रेय, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. कृपाशंकर यादव, डॉ. अरविन्द शुक्ला, डॉ. शक्तिनाथ त्रिपाठी, डॉ. ममता मिश्रा, डॉ. विष्णु शुक्ला, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. भूपनारायण, डॉ. राजीव कुमार वर्मा, डॉ. आलोक कुमार विश्वकर्मा, प्रो. बृजेन्द्र मिश्र, डॉ. राहुल कृष्ण, संतोष कुमार शुक्ला आदि की महत्त्वपूर्ण उपस्थिति रही। कोच मनीष सिंह, निर्णायक जितेन्द्र प्रताप सिंह (अ.प्रा. शिक्षक- तिलक इण्टर कॉलेज, कोटवा), डॉ. अवधेश कुमार तथा डॉ. उत्तम कुमार का विशेष सहयोग रहा।

### अंदावा सहसों मार्ग पर अज्ञात महिला का मिला शव

**झूंसी।** अंदावा सहसो मार्ग पर शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात महिला का शव पाया गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव की पहचान करने की कोशिश की पर कुछ पता नही चला। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतका की उम्र 50 वर्ष के करीब है पहनावे से विक्षिप्त लग रही। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# भगवान का प्राकट्य होते ही पूरा पंडाल जयकारे से कृष्णमय हो गया





**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर चंदरपुर उर्फ बसमहुआ गांव में गुरुवार को अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पूज्य श्री आनंद भूषण जी महाराज द्वारा भक्त श्रोताओं को आतताई कंश द्वारा महाराज उग्रसेन को कारागार में बंद करना एवं कुमार वसुदेव एवं देवकी को आकाशवाणी के बाद कारागार में डालकर यातनाएं देना आदि सुंदर प्रसंग का सजीव वर्णन किया गया। कथा व्यास ने धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की महत्ता का सुंदर प्रसंग बताते हुए कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है तब-तब प्रभु का अवतार हुआ है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। कथा व्यास ने कहा राजा कंस के अत्याचार से भक्तों की करुण पुकार सुनकर श्री नारायण देवकी माता के अष्टम पुत्र रूप में प्रकट हुए। भगवान का प्राकट्य होते ही पंडाल में उपस्थित भक्त नर नारी भगवान का जयकारा लगाते, बधाई गीत गाते झूम झूम कर नाचने लगे पूरा पंडाल राधे-राधे कहते हुए भक्तिमय हो गया। इस मौके पर व्यास पीठ द्वारा भगवान के आगमन पर स्वागत गीत एवं सोहर ₹ गोकुल में लाला भयों है यशुदा के अंगना ₹ एवं बधाई गीत भजन से भक्त श्रोता मंत्र मुग्ध होते हुए आनंदित हो उठे। कथा के उपरांत मुख्य यजमान चिंतामणि शुक्ला एवं बृजेश कुमार शुक्ला, आनंद शुक्ला, प्रशांत शुक्ला तथा अन्य भक्तों द्वारा व्यास पीठ, भागवत भगवान तथा आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी गई। तत्पश्चात भक्त श्रोताओं में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तृयुगी नारायण शुक्ला, डॉक्टर दीनानाथ शुक्ला, जगदीश शुक्ला, उमाकांत शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, शोभा लाल तिवारी, पवन शुक्ला, अशोक कुमार पांडे, कृष्ण बल्लभ दुबे, वीरेन्द्र सिंह, विजय कुमार तिवारी, ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, राज कुमार सिंह, सुरेंद्र शुक्ला एवं अवधेश शुक्ला सहित भारी संख्या में भक्त नर नारी कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

## अस्पताल, कालोनी, मोहल्लों और रेलवे ट्रैक में घुसा बारिश का पानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रात दो बजे से हो रही मूसलाधार बारिश ने नगर पालिका के साथ साथ रेल प्रशासन के जल निकासी की दावे की पोल खोल दी है। शहर के कई मोहल्ले रेलवे स्टेशन, सियाराम कालोनी, चुंगी पीडब्लूडी,राजा प्रताप बहादुर अस्पताल, रेलवे कालोनी और रेलवे ट्रैक बारिश से लबालब हो गए। जिससे लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। सिग्नल की खराबी का असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ा। ट्रेनें लेट लतीफ हुई। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत आई। रेलवे की कई बिल्डिंग में बारिश का पानी अंदर चला गया। भीगने से अभिलेख इत्यादि का भी नुकसान हुआ। इस बारे ईओ नगर पालिका राकेश कुमार का कहना है कि जो मोहल्ले नीचे बसे हैं। उनमें ज्यादा दिक्कत है। जल निकासी कराई जाती है। नाले और नालियों की सफाई कराई जाती है।

## साकेत महाविद्यालय के शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारी बारिश से हुए जलभराव को लेकर साकेत गर्ल्स महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डा0 एके शर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी संजीव रंजन से भेंट कर एक ज्ञापन दिया जिसमें साकेत महाविद्यालय के जलभराव का स्थायी निदान करने की मांग की। इस दौरान डा0 एके शर्मा ने कहा कि पांच वर्ष से जलभराव की समस्या बनी हुई है लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आसपास का सारा पानी साकेत महाविद्यालय में आता है, इस पर नगर पालिका को रोक लगाना चाहिये।

## भारी बारिश से धान की फसलों को नुकसान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा लगातार हो रही बारिश से जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, वही सबसे बड़ी परेशानी अन्नदाता किसानों को है। धान की जहां खड़ी फसल गिर गई है, वहीं सब्जियों की खेती भी प्रभावित हो गई। आलू की बुआई कर चुके किसान परेशान हैं। बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी है। कद्दू ,उड़द, गाजर, धनिया, पालक व मूली की खेती भी प्रभावित हुई है। अगस्त में सूखे जैसे हालात हुए, लेकिन सितंबर अंतिम सप्ताह में इस वर्ष सबसे तेज बरसात हुई है अब तक हो रही बारिश से इलाके पूरे दलपत शाह, धौरहरा, भाटी, तिबीपुर, सिंहपुर, कबीरपुर, गोबिंदपुर आदि गांव के निचले इलाके के घरों में पानी घुस गया हैं गुरुवार की दोपहर से हो रही बारिश से किसानों की चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं।

# मूसलाधार वर्षा से पूरा शहर जलमग्न, 150 मिलीमीटर हुई वर्षा

### राजमार्ग पर गड्ढो में हुए जलभराव से हुई परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बीती आधी रात के बाद से सुबह नौ बजे तक मूसलाधार वर्षा से पूरा शहर पानी पानी से लबालब हो गया। कई मोहल्लों में लोगों के घरों में पानी घुस गया। खाने-पीने और गृहस्थी के सामान नष्ट हो गये। इससे लोगों को ज्यादा परेशानी हुई। प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर तिलक कालेज व स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सामने राजमार्ग पूरा डूबा दिखाई दिया। इस राजमार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं जो जलभराव में दिखाई नहीं देते। ऐसे में नेताओं व अधिकारियों की चार पहिया गाड़ियां तो आसानी से निकल जा रही थी लेकिन दो पहिया वाहन इन गड्ढो में लुढ़कते दिखाई दिये।

इसके अलावा रेलवे स्टेशन रोड पर भयंकर जलभराव हो गया था। इससे रेल यात्रियों के आवागमन में दिक्कत हुई। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय, साकेत गर्ल्स कालेज, लोक निर्माण विभाग का डाक बंगला, सगरा ढलान, पूरे नरसिंह भान में हैप्पी टाइम स्कूल, रिवरडेल स्कूल से लेकर सरदार पटेल मार्ग तक पूरा इलाका जलमग्न हो गया था जिसको नगर पालिका ने आगे पानी खुलवाकर अपरान्ह तक पानी निकलवाया। बताया जाता है कि इस सत्र की सबसे ज्यादा 150 मिलीमीटर आज वर्षा हुई।



मार्ग पर हुए जलभराव के बीच जाते लोग।

बीती आधी रात से बूंदाबांदी शुरु हुई और भोर में चार बजे से नौ बजे तक मूसलाधार बारिश हुई। इससे आदर्श नगर, विवेक नगर, सिनेमा रोड सहित कई मोहल्ले में घरों में पानी घुस गया। 150 मिलीमीटर वर्षा होने से भीषण गर्मी से तो राहत मिल गई लेकिन निचले स्तर पर चाहे घर हो या स्कूल, हर जगह जलभराव की अव्यवस्था दिखाई दी। साकेत स्कूल में नगर पालिका मशीन लगाकर पानी निकाल रही है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के डाक बंगले में हुए जलभराव को नगर पालिका ने सबसे पहले निकाल दिया क्योंकि आए दिन यहां मंत्री व अधिकारी आते रहते हैं। राजमार्ग, स्टेशन रोड, साकेत महाविद्यालय पर होने वाले जलभराव से स्थायी निदान की आवश्यकता है। इसके अलावा एनएच विभाग को प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग के गड्ढों को पाटने की जरुरत है।

### मरीजों को हुई दिक्कत, गंदे पानी से गुजरना पड़ा

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कॉलेज तो बन गया लेकिन मूलभूत सुविधाओं में शुमार जल निकासी का ठोस इंतजाम यहां भी नहीं है। तेज बारिश हुई नहीं कि इमरजेंसी के सामने, बरामदे और ओपीडी और जांच केंद्रो में पानी घुटने तक पानी भर गया। जिसका सामना डाक्टर, स्टाफ और मरीजों को करना पड़ा। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि नालियां काफी पुरानी है। नीचे भी हैं। जिससे समस्या आती है। स्टाफ को लगाकर जल निकासी कराई जा रही है।

# हिन्दू हितों से समझौता नहीं करेगा हिन्दू महासभाः ऋषि द्विवेदी

### राजा भैया के बयानों से हिन्दू समाज को मिली राहत

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** अखिल भारत हिन्दु महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आज कुण्डा में कहा कि जब तक हिंदू हितों से समझौता होगा, तब तक सब का साथ सब का विकास का नारा अधूरा है। लखनऊ से प्रयागराज जाते समय अमर प्रभा सामाजिक संस्थान के मुख्यालय कुण्डा में अपने कार्यकर्ताओं से औपचारिक मुलाक़ात के बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान ये बाते कही।

उनके साथ चंद्र मौली मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, सुनील शुक्ला प्रदेश महामंत्री भी मौजूद रहे। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत युवा प्रकोष्ठ के पूर्वांचल अध्यक्ष अभिषेक पांडे ने प्रतापगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा के साथ किया। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा की हिंदू मंदिरो पर सरकारी नियंत्रण के सम्बन्ध में कुण्डा के विधायक राजा भैया की पहल न सिर्फ अनुकरणीय है अपितु सरकार को इस पर मंथन भी करना चाहिए कि आखिर सिर्फ हिंदुओं के मंदिर पर ही सरकारी नियंत्रण क्यूं है? क्या इसी अन्य धर्म के चर्चित स्थलों पर नियंत्रण की क्षमता सरकार में है। राजा भैया की पहल का हिंदू महासभा स्वागत करती है और उनका आभार भी प्रकट करती है। इस मौके पर अमन मिश्रा, मिहिर मिश्रा, दीपक मिश्रा, दीप चंद शुक्ला, अयोध्या प्रसाद यादव, दीपक सोनकर, अभिराम पटेल, शैलेश शुक्ला, सतेंद्र मिश्रा, राम बाबू सोनकर, राधेश्याम यादव आदि मौजूद रहे।



कुण्डा मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बोलते हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

## मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने के लिये विहिप ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने के लिये विश्व हिन्दू परिषद ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि तिरुपति बालाजी मंदिर में वितरित होने वाले महाप्रसाद की पवित्रता में आस्थावान हिंदुओं की बहुत श्रद्धा होती है। दुर्भाग्य से इस महाप्रसाद को बनाने वाले घी में गाय व सूअर की चर्बी तथा मछली के तेल की मिलावट के अत्यंत दुखद और हृदय विदारक समाचार आ रहे हैं। पूरे देश का हिंदू समाज आक्रोशित है,और हिंदुओं का क्रोध अलग-अलग रूप में प्रकट हो रहा है। इस पवित्र तीर्थ का संचालन आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित बोर्ड के द्वारा होता है। उक्त विषय को ज्ञापन में समाहित किया गया। ज्ञापन को रजनीश तिवारी प्रान्त सह अर्चक मंदिर पुरोहित प्रमुख, नवीन पाल बजरंगी विभाग संयोजक, राजन तिवारी विभाग विशेष सम्पर्क प्रमुख, चंदन जिला संगठन मंत्री,नागेन्द्र मिश्र जिलाध्यक्ष, रविशेन जिलामंत्री, विजय सिंह सोलंकी जिला उपाध्यक्ष, अम्बिकेश प्रखंड अध्यक्ष, विनय, धीरज, संजय आदि हिन्दू हित चिंतक मौजूद रहे।



फोटो 2-अधिकारी को ज्ञापन देने विहिप के पदाधिकारी



वेयरहाउस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

## जिलाधिकारी ने वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने पूरेकेशवराय स्थित वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोदाम में रखी गयी वीवीपैट मशीन को खुलवाकर देखा और जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने गोदाम के आस-पास की झाड़ियों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता सुजीत कुमार राय उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा स्लोगन प्रतियोगिता में लिया प्रतिभाग

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत मदनमोहन मालवीय पी.जी. कालेज कालाकाँकर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभाग लिया स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न विषयों पर स्लोगन चित्रित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव वाणिज्य संकाय के डीन प्रो0 उग्रसेन सिंह, प्रो0 रामकरन, डॉ अर्चना शुक्ला एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह,भूपेश प्रताप सिंह एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रोफेसर शिवम श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया तथा स्वच्छता को जनजागरण आन्दोलन बनाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्र छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा उभर कर सामने आती है प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभाग लोग लक्ष्य मानकर चले तभी सफलता मिलती है।इस मौके पर समस्त छात्र छात्राएं व कालेज के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।



स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेते एनएसएस के स्वयंसेवक।

# नोटिस तामिला कराने पुलिस टीम पर हमला, चार पुलिस कर्मी घायल

### एसपी के निर्देश पर सात महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी पुलिस कुन्दनपुर में नोटिस तामिला कराने हेतु पहुंची तो आरोपी के घर की महिलाओं द्वारा पुलिस टीम के साथ अभद्रता, गाली गलौज, ईट-पत्थर, लाठी डंडा व हंसिया लेकर हमला किया गया। इस हमले में चार पुलिस कर्मी घायल हो गये। इस घटना को लेकर पुलिस ने सात महिला को गिरफ्तार किया है।




पुलिस की गिरफ्त में पुलिस टीम पर हमला करने वाली महिलाएं।

बता दें कि अभियुक्त राजू सरोज के आपराधिक इतिहास की नोटिस तामीला कराने के लिये पुलिस आरोपी के घर पहुंची तो महिलाओं द्वारा पुलिस पर गाली-गलौज किया गया था ईंट-पत्थर व हंसिया से हमला कर दिया गया जिसमें चार पुलिस कर्मी घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी दौरान महिलाएं फरार हो गई थी। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर बीएनएस से संबंधित सात अभियुक्ता अमरवती देवी पत्नी स्व0 रामनरेश सरोज, रीनू सरोज पत्नी राजू सरोज, मालती पत्नी शैलेन्द्र सरोज, करमाइता देवी पत्नी स्व0 रामनरेश सरोज, शोभावती पत्नी स्व0 बाबूलाल, इन्द्रावती देवी पत्नी जीतलाल सरोज, मोनू उर्फ मोनी पत्नी विनोद कुमार सरोज निवासीगण ग्राम कुन्दनपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुन्दनपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। इस लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने कहा कि सरकारी कार्य में बांधा डालना एवं दुर्व्यवहार करना दंडनीय अपराध है। ऐसे अपराध कारित करने वाले अभियुक्तो के विरुद्ध जीरो टालरेंस नीति के तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## बीएसए ने मध्यान्ह भोजन अनियमितता में तीन प्रधानाध्यको को किया निलंबित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के विकास खंड शिवगढ़ स्थित संविलयन विद्यालय देवासा और प्राथमिक विद्यालय बसहा के प्रधानाध्यापकों को मध्यान्ह भोजन निर्माण में गंभीर अनियमितता के कारण निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसारए संविलयन विद्यालय देवासा में पहले से ही दो गैस सिलेंडर उपलब्ध थेए इसके बावजूद प्रधानाध्यापक द्वारा लकड़ी के चूल्हे पर भोजन तैयार करवाया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि गैस सिलेंडर के लिए आवश्यक धनराशि भी जून 2024 में विद्यालय को भेजी जा चुकी थीए लेकिन प्रधानाध्यापक ने अद्यतन गैस एवं बर्तन खरीद की कार्यवाही नहीं की तथा विभागीय निर्देश का पालन नहीं किया। प्राथमिक विद्यालय बसहा में भी इसी प्रकार की लापरवाही सामने आईए जहां लकड़ी के चूल्हे पर भोजन बनाया जा रहा था। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने सख्त कदम उठाते हुए दोनों प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा परिषदीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन निर्माण के लिए गैस चूल्हे का उपयोग अनिवार्य रूप से किए जाने का निर्देश है स मध्यान्ह भोजन योजना में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जमीनी विवाद को लेकर बाबा धाम में हुई मारपीट में दर्जन भर से अधिक पर गंभीर धाराओं में केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक शिवस्थली घुइसरनाथ धाम परिसर में दुकानों में हुई तोडफोड, मारपीट आदि को लेकर सांगीपुर पुलिस ने दर्जन भर से अधिक लोगों पर लूट समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियो की तलाश में जुटी है। सांगीपुर थाना के घुइसरनाथ धाम परिसर में स्थित जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसी जमीन पर दुकानदार अपनी दुकानें लगाकर कारोबार करते हैं। घटना को लेकर पूरे मुरली कमयनपुर गांव के संतोष मिश्र पुत्र स्व. राकेश कुमार मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह घुइसरनाथ धाम में मंदिर के सामने रामकृपाल की जमीन पर कई दशकों से चाट, चाय आदि की दुकान लगाता चला आ रहा है। आरोप है कि बीते पचीस सितंबर की शाम कुम्भापुर गांव के शिवमंगल यादव, त्रिवेणी यादव, जगत बहादुर यादव, आसाराम यादव, रमापति यादव दर्जन भर से अधिक अज्ञात साथियों के साथ लाठी डण्डा व तमंचा लेकर पहुंचे और गालीगलौज करते हुए उसे मारने पीटने लगे। आरोपियो ने पीडित की दुकान व ठेले को पलटकर क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके गल्ले में रखी चार हजार पांच सौ की नकदी निकाल लिया। आरोपियों ने धाम परिसर में मौजूद दर्जनों दुकानों को क्षतिग्रस्त करते हुए दुकान में मौजूद पैसा व अन्य सामान लूट लिया। आरोपियों के हमले से वहां अफरातफरी व लोगों में दहशत का माहौल बन गया। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर पांच नामजद व दर्जन भर से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट, मारपीट व तोडफोड आदि का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के दर्ज मुकदमें के आरोपी को शुक्रवार की दोपहर धर दबोचा। दरोगा दीपक यादव फोर्स के साथ चेकिंग अभियान पर निकले थे। थाना क्षेत्र के इटैला पुलिया के पास पुलिस को हत्या के प्रयास के दर्ज मुकदमे का आरोपी दिख गया। पुलिस ने आरोपी लालूपुर निवासी राकेश ओझा के पुत्र सौरभ ओझा को धर दबोचा। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# विकास के बुनियादी ढ़ांचे की मजबूती के लिए बच्चों का सुपोषण महत्वपूर्ण-सीडीओ

### सांगीपुर ब्लाक सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ने शासकीय योजनाओं को लेकर किया मंथन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर ब्लाक सभागार में शुक्रवार को स्वच्छता सेवा पखवारा के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं संगोष्ठी में शामिल होने पहुंची सीडीओ ने ब्लाक मे संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के साथ निरीक्षण भी किया। स्वच्छता सेवा के तहत हुई विकासपरक संगोष्ठी का शुभारंभ जिले की मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि सीडीओ डॉ. दिव्या ने कहा कि स्वच्छता का परिवेश विकास के साथ बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होनें कहा कि सुपोषित बच्चे ही देश के विकास की भावी संकल्पना को साकार कर सकेंगे। उन्होने गांव के विकास के बुनियादी ढ़ांचे की मजबूती के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के सकारात्मक सहयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान सीडीओ डॉ. दिव्या ने महिलाओं के स्वयं सहायता समूह तथा प्रधानों से संवाद करते हुए शासकीय योजनाओं के संचालन में उत्तरदायित्वों की पारदर्शिता पर भी खासा जोर दिया। उन्होनें मनरेगा कार्यो की गुणवत्ता व निराश्रित वृद्धा व विधवा एवं दिव्यांग पेंशन में भी पात्रता के लिए निष्पक्ष भूमिका को सफलता का केन्द्र बताया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत प्रतिनिधियों व स्वयं सहायता समूह एवं कार्मिकों को स्वच्छता का सामूहिक संकल्प भी ग्रहण कराया। उप कृषि निदेशक एवं प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी विनोद कुमार यादव ने स्वागत भाषण में ब्लाक मे संचालित योजनाओं की प्रगति आख्या रखी। प्रधान पूनम सिंह ने विकास गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में लाभार्थियों को सीडीओ ने सरसों बीज के किट भी प्रदान किये। ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने अपने संबोधन में सांगीपुर ब्लाक को माडल ब्लाक बनाए जाने में जनाकांक्षाओं को पूर्ण किये जाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। डीसी मनरेगा अश्विनी सोनकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार, एडीओ समाज कल्याण राजेश कुमार, अवर अभियंता इं. सुभाषचंद्र शर्मा, तकनीकी अभियंता इं. रमेश शुक्ल, सविता यादव ने विभिन्न शासकीय योजनाओं पर विभागवार जानकारियां प्रदान की। ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व प्रधान संघ अध्यक्ष रोहित सिंह ने सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा को पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से स्मृति चिन्ह व बुकें प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान राजू मिश्र, विजय यादव, सुशील पटेल, विजयनाथ मिश्र, अरूण त्रिपाठी आदि रहे।

## औचक निरीक्षण में एसडीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं की खंगाली हकीकत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम के औचक निरीक्षण से शुक्रवार को सांगीपुर अस्पताल में हडकंप मच गया। लालगंज की एसडीएम नैंनसी सिंह के अचानक सीएचसी पहुंचने से स्वास्थ्यकर्मियों में घंटो अफरातफरी दिखी। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों से भी स्वास्थ्य सेवाओं के बाबत जानकारियां ली। वही उन्होने दवाओं के वितरण तथा लैब में भी चिकित्सा प्रबन्धों का अवलोकन किया। अस्पताल परिसर में एसडीएम ने अधीक्षक को साफ सफाई बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधीक्षक डा. आनन्द तिवारी ने एसडीएम को विभागीय कार्यो से अवगत कराया। एसडीएम ने संचारी रोग को लेकर भी चलाए जा रहे अभियान को प्रभावी बनाए जाने पर जोर दिया। वहीं उन्होनें अधीक्षक को रोगी कल्याण समिति की बैठक नियमित कराए जाने के कड़े निर्देश दिये। ओपीडी में तीन सौ से अधिक मरीजों के उपचार को देख एसडीएम संतुष्ट दिखीं। निरीक्षण के दौरान डा. सुधांशु शेखर, डा. सतेन्द्र सिंह, अनुभव शुक्ला, बीसीपीएम बाल मुकुन्द मिश्र भी मौजूद रहे।

# सर्वेयर अपनी तैनाती की ग्राम पंचायतों एवं मजरों में घर-घर जाकर करेंगे सर्वे का कार्य : डीएम

अखंड भारत संदेश

## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के सम्बन्ध में कार्यशाला संपन्न




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के सम्बन्ध में सर्वेक्षणकताओं के साथ कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने समस्त सर्वेक्षणकताओं को निर्देशित किया कि सभी सर्वेयर अपनी तैनाती की ग्राम पंचायतों एवं मजरों में घर-घर जाकर सर्वे करेंगे, जिससे किसी भी दशा में कोई पात्र लाभार्थी छूटने न पाये। किसी के दबाव में आकर अपात्र लाभार्थियों का चयन न किया जाय। सत्यापन समाप्त होने से पहले पात्रता/अपात्रता के सम्बन्ध में अगली बैठक मे लाभाथीर्वार समीक्षा की जायेंगी एवं पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से सर्वे का कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि यदि किसी अन्य के द्वारा धनराशि ली जाने की सूचना या शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल जांच कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए खण्ड विकास अधिकारी एवं उच्च स्तर पर सूचित किया जय। गाइडलाइन के अनुसार ऐसे परिवार जो आवासविहीन हैं अथवा उनके पास कच्ची दीवार पर कच्ची छत, घास-फूस की झोपड़ी है, को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवास उपलब्ध कराया जाता है। अन्य प्रकार के शेष परिवारों में से दिये गये 10 पैरामीटरों में से किसी एक को भी पूरा करने वाला परिवार स्वतः ही बाहर हो जाता है जैसे- मोटरयुक्त तिपहिया/चौपहिया वाहन, मशीनीकृत तिपहिया/चौपहिया कृषि उपकरण, 50,000 रु0 अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड धारक, ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार, वे परिवार जिनका कोई सदस्य 15,000 रु0 से अधिक प्रतिमाह कमा रहा हो आयकर देने वाले परिवार,व्यवसाय कर देने वाले परिवार, वे परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो, वे परिवार एवं जिनके पास 05 एकड़ या इससे अधिक असिंचित भूमि हो। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वे के कार्य को सभी सर्वेयर संवेदनशीलता के साथ करें। ग्राम पंचायतों में लाउडस्पीकर लगवाकर सर्वे के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार किया जाय, जिससे अधिक से अधिक लोगों को सर्वे के सम्बन्ध में जानकारी हो। ग्राम पंचायतों में सर्वे के दौरान ग्राम प्रधान, भूतपूर्व प्रधान, बीडीसी आदि गणमान्य नागरिकों का भी सहयोग लिया जाय। 05 साल इसी से आवास दिया जाना है। इसलिए डोर टू डोर सर्वे करना है। सभी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत भवन में बैनर, होर्डिंग एवं 03 स्थलों पर वॉलराइटिंग करा लें, जिससे लोगों को पात्रता/अपात्रता के बिन्दुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सकें इस अवसर पर उपायुक्त (स्वतः रोजगार)/जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, उपायुक्त (स्वतः रोजगार) मनोज कुमार वर्मा, परियोजना निदेशक नवीन कुमार गुप्ता, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्राइवेट अस्पताल में महिला की मौत के बाद हंगामा

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर कोतवाली अंतर्गत जिला अस्पताल के सामने संचालित एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को एक महिला की फिर मौत हो गई है महिला की मौत के बाद उसके परिवार के तमाम लोगों ने जमकर हंगामा काटा है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई है तमाम लोगों की मौके पर भीड़ लग गई है परिवार के लोगों का आरोप है कि कथित चिकित्सकों की लापरवाही से महिला मरीज की इलाज के दौरान मौत हुई है बताया जाता है कि यह प्राइवेट अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के एक सरकारी कर्मचारी का है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की मेहरबानी पर नियम विरुद्ध तरीके से बीते कई वर्षों से संचालित हो रहा है जहां योग्य चिकित्सकों का अभाव है जिससे मरीज की बेवजह मौत होती है मामले में यदि थाना पुलिस से लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने स्तर से बिंदुवार जांच कराई तो अस्पताल संचालक की मुसीबत बढ़ना तय है।

## प्रधान पुत्र की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पत्रकारों ने प्रदर्शन कर क्षेत्राधिकारी को सौंपा ज्ञापन






**कौशाम्बी।** मुकदमे में वांछित प्रधान पुत्र आदेश ,की गिरफ्तारी की मांग को लेकर के सिराथू तहसील क्षेत्र के तमाम पत्रकारों ने सीओ कार्यालय में धरना प्रदर्शन करते हुए सीओ को ज्ञापन सौपा है सीओ को दिए गए ज्ञापन के मुताबिक कशिया पश्चिम प्रधान पुत्र ने पत्रकार विष्णु सोनी पत्रकार अजीत कुशवाहा के साथ मारपीट कर सोने के जेवर लूटपाट किया था मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद प्रधान पुत्र की गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे आक्रोशित पत्रकार लगातार धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कर रहे हैं पत्रकारों से अभद्रता करने वाले प्रधान पुत्र को गिरफ्तार करने के लिए सीओ सिराथू को ज्ञापन दिया है जिस पर सीओ सिराथू ने तत्काल फोन कर फरार प्रधान पुत्र को गिरफ्तार करने व कार्यवाही कर जेल भेजने को कहा है। धरना प्रदर्शन ज्ञापन देने के वक्त पत्रकार तहसील अध्यक्ष रवि कुमार वैश्य, मान सिंह महामंत्री, रवि अग्रहरि कोषाध्यक्ष, एजाज रानू, उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र सोनकर, अंकित तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हिमांशु मिश्रा, संयुक्त मंत्री, रामबाबू मंत्री, अशोक कुमार आय ब्यय निरीक्षक, ज्ञानू सोनी, राज कुमार अस्वनी गुप्ता, नेहाल याकूब, अनुराधा सिंह यादव, अनिल कुमार, मो आरिफ ,मो नोसेफ, एकरार अहमद, विष्णु सोनी, अजीत कुशवाहा, शिव कुमार, आबिद, सत्य नारायण मौर्य, सन्दीप सिंह, विशाल साहू, शारुख, राम किसन, अनिल सरोज आदि तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

## डीएम ने शिकायत का किया भौतिक सत्यापन

**जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित को उक्त प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के दिए निर्देश**

**गलत आख्या लगाने व सूचना दिए जाने के बावजूद चकजमीन महज्बा के राजस्व निरीक्षक व लेखपाल के अनुपस्थित रहने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के दिए निर्देश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के द्वारा शुक्रवार को शिकायत संख्या 30088524001103 के संदर्भ में प्राप्त आख्या का भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन में पाया गया कि उपरोक्त प्रकरण में चक रोड़ चिन्हित नहीं थी तथा सम्बंधित लेखपाल के द्वारा उक्त शिकायत पर गलत आख्या लगायी गयी है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित को सख्त हिदायत देते हुए उक्त प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने की दशा में सभी सम्बंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सूचना दिए जाने के बाद भी चकजमीन महज्बा के राजस्व निरीक्षक व लेखपाल के अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इसके अतिरिक्त यह भी पाया गया कि जांच आख्या में गाटा संख्या 179/0.037 है। चकमार्ग को चिन्हित किये जाने की कार्यवाही लिखी हुयी है, परन्तु



मौके पर चकमार्ग का चिन्हीकरण नहीं पाया गया। साथ ही साथ चकमार्ग के भाग पर कब्जा भी पाया गया, जिसके सम्बंध में कोई आख्या प्रस्तुत नहीं की गयी। मौके पर शिकायतकर्ता भी अनुपस्थित रहा। इसके अतिरिक्त स्पॉट मेमो पर उपस्थित व्यक्तियों के हस्ताक्षर भी नहीं करवाये गये। साथ ही लगाया गया फोटो भी चकमार्ग से भिन्न पाया गया।

## विवाहिता से छेड़खानी समझौता न करने पर दर्जनों लोगों ने विवाहिता पर किया हमला



**छोडखानी के आरोपियों को बचाने का चौकी पुलिस ने लिया ठेका दलाल के माध्यम से वसूला 20000**

**इधर पुलिस कप्तान की चौखट पर विवाहिता फरियाद कर रही हैं उधर चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ विवाहिता के घर पर गाली गलौज कर रहे हैं**

**कौशाम्बी।** भ्रष्टाचार मुक्त योगी सरकार का फरमान पिपरी थाना क्षेत्र में लागू होता नहीं दिख रहा है आरोपियों से वसूली कर उनका समर्थन करने में जिस तरह से लोधौर चौकी पुलिस मशगूल दिखाई पड़ रही है पूरी पुलिस वर्दी कलंकित हो रही है ताजा मामला पिपरी थाना क्षेत्र के लोधौर पुलिस चौकी के औधन गांव का है औधन गांव के अनुसूचित जाति की एक विवाहिता के साथ 31 अगस्त को रिश्ते में जेठ इंद्रजीत ने उसके बाथरूम में ताक झाक शुरू किया विवाहिता ने मना किया तो विवाहिता से वाद विवाद किया उसके साथ मारपीट किया छेड़खानी किया मामले की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने इंद्रजीत के बिरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया लेकिन घटना को 28 दिन बीत जाने के बाद इंद्रजीत की गिरफ्तारी चौकी इंचार्ज नहीं कर सके हैं बार-बार विवाहिता महिला से मुकदमा वापस लेने समझौते का दबाव चौकी इंचार्ज बना रहे हैं जब विवाहिता ने मुकदमा वापस लेने समझौता से इनकार कर दिया तो शुक्रवार की सुबह लगभग 8:00 बजे आरोपी इंद्रजीत उसके चाचा पिता समेत एक दर्जन लोग पीड़ित विवाहिता के घर में लाठी डंडा लेकर घुस गए गाली गलौज कर मारपीट करने लगे विवाहित रोने चिल्लाने लगी हमला वरोंने विवाहिता का बाल पकड़ कर घसीटते हुए घर से बाहर निकाल लाए वहां भी विवाहिता से मारपीट किया फिर विवाहिता के साथ छेड़खानी की गई है जिससे विवाहिता को गंभीर चोटें आई है छेड़खानी के मुकदमे के आरोपी इंद्रजीत का विवाहिता से कहना है कि पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र का बयान बदल दो मुकदमा वापस ले लो वरना तुम्हारे पूरे परिवार की हत्या कर देंगे दबंगई से पीड़ित विवाहिता पुलिस कप्तान की चौखट पर पहुंची और फरियाद करके न्याय की गुहार लगाई इधर पुलिस कप्तान की चौखट पर विवाहिता फरियाद कर रही हैं उधर फिर चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ विवाहिता के घर पर पहुंच गए हैं और गाली गलौज कर रहे हैं आरोप है कि एक दलाल के माध्यम से छेड़खानी के आरोपियों को बचाने के लिए चौकी इंचार्ज ने 20000 ले लिए हैं जिससे छेड़खानी करने वाला उन्हें शरीफ दिखाई पड़ रहा है और पीड़ित महिला उन्हें असभ्य दिखाई पड़ रही है जिससे पीड़ित महिला पर अपराधियों जैसा बर्ताव चौकी इंचार्ज कर रहे हैं।

## दो महीने बाद भी बरियांवा चौकी पुलिस चोरी का नही कर सकी खुलसा

### पड़ोसी ने घर के भीतर से दीवाल में सेंध कर पार कर दिया चांदी सोने का जेवर नगद रुपए

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में 30 जुलाई को दिन दोपहर में महिला घर में ताला बंद करके अपनी रिश्तेदारी में चली गई जब वापस लौटी तो देखा कि पड़ोस के घर से उसके घर की दीवाल में सेंध है और घर से सोने चांदी के जेवर नगद रुपए बर्तन अनाज आदि गायब है मामले की सूचना बरियांवा चौकी पुलिस को दिए जाने के बाद कार्यवाही नहीं हुई जिस पर महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची थी और शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया था। जानकारी के मुताबिक बबली देवी पत्नी सुरेश कुमार निवासी रामपुर थाना चरवा दिनांक 30 जुलाई को दिन में 9:00 बजे दरवाजे में ताला बंद करके अपनी बुआ के घर गिरिया गांव चली गई थी उसके पति भी मजदूरी में सराय अकिल चले गए रात में 7:00 बजे जब महिला वापस घर लौटी और भीतर घुसी तो देखा कि पड़ोस के लखन लाल के बेटे राकेश के घर से उसके घर की दीवाल में सेंध कर दीवार में छेद किया गया है और उसके घर से आधा किलो चांदी की करधनी एक पाव चांदी का छागल आधा तोला लगभग सोने की लॉकेट 20 हजार रुपए नगद 10 हजार कीमत का बर्तन कई बोरी गेंहू चावल आदि अनाज घर से गायब है पड़ोसी राकेश राहुल और बंसी से इस बारे में महिला ने बात की तो यह तीनों गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे और मारपीट करने लगे मामले की सूचना महिला ने बरियांवा पुलिस चौकी में दिया था जिस पर मौके पर पुलिस पहुँची घटना की जांच पड़ताल की घर के भीतर राकेश के घर से सेंध पुलिस देखकर वापस लौट गई घटना को पुलिस ने अभिलेखों में दर्ज नहीं किया आरोपियों की पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की पुलिस की जांच पड़ताल करने के बाद 1 अगस्त की रात में उपरोक्त तीनों ने फिर महिला को गाली गलौज किया और कहा कि मुकदमा लिखाया तो तुम्हारी हत्या कर देंगे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची महिला ने मुकदमा दर्ज कर सामान बरामद कराए जाने की मांग किया था लेकिन 2 महीने बीत जाने के बाद भी दिन दुपहरी हुई चोरी का अभी तक बरियांवा चौकी पुलिस ने कोई खुलासा नही किया है।

## सीबीएसई क्लस्टर एथेलेटिक्स मीट में रिजवी स्कूल ने जीता चाँदी

**अंडर-14 बालक वर्ग से रिले रेस में डॉ0 रिजवी स्प्रिंग फील्ड स्कूल ने किया दूसरे स्थान पर कब्जा**

**कौशाम्बी।** करारी स्थित डॉ० रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल ने सीबीएसई क्लस्टर एथेलिटिक्स मीट के अंडर-14 बालक वर्ग से रिले रेस (चौकी दौड़) में दूसरा स्थान हासिल किया। यह खेल प्रतियोगिता वाराणसी जिले के सन्त अतुलानंद स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमे रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। बता दे कि सीबीएसई द्वारा छात्रों के खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के किये प्रत्येक वर्ष क्लस्टर मीट का आयोजन किया जाता है। जिसमे विभिन्न खेल देश के अलग अलग स्कूल में आयोजित कराए जाते है। इस वर्ष एथेलिटिक्स गेम का आयोजन वाराणसी जिला स्थित संत अतुलानंद विद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जहाँ डॉ रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल के प्रेम कुमार, पीयूष पाण्डेय, मनीष, अनुज और



अभिषेक कुमार ने रिले रेस में दूसरा स्थान बनाने में सफल रहे। इस उपलब्धि के लिए इन बच्चों को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने दी। साथ ही इन छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

## सनातन धर्म संस्कृति पूरी तरह से वैज्ञानिक

**सरसवां प्रखण्ड के दानपुर गांव में आयोजित हुई बैठक**



**कौशाम्बी।** भारतीय संस्कृति पूरी तरह से वैज्ञानिक विचारों पर आधारित है। यहां हमारे पूर्वजों ने जो जीवन शैली विकसित की थी वह जीवन शैली स्वस्थ जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है। यह भारतीय संस्कृति की अपनी मजबूती थी कि सैकड़ो धार्मिक अतिक्रमणकारियों के आक्रमण के बाद भी यह पूरी तरह से अक्षुण व मजबूत बनी रही। उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण ने सरसवां प्रखण्ड के दानपुर गांव में आयोजित बैठक के दौरान कहीं। बैठक में बोलते हुए संगठन के सहमंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहा कि आज भारत की संस्कृति पर विभिन्न प्रकार के संकट खड़े हैं दूसरे धर्म के मानने वाले लोग हिंदू धर्म को चोट पहुंचाने और खत्म करने की लगातार प्रयास कर रहे हैं आज गांव-गांव में चल रही ईसाई धर्म के लोगों की धर्म परिवर्तन चंगाई सभाएं और लैंड जिहाद, लैंड जिहाद की घटनाएं इसी का उदाहरण है लेकिन यह भारतीय संस्कृति और हमारे पूर्वजों के महान पराक्रम का ही नतीजा रहा है कि इन धार्मिक उन्मादियों की जिस जिस देश में पर पड़े वहां से उसे देश की प्राचीन संस्कृति इन्होंने नष्ट कर दिया लेकिन भारत में आज भी भारतीय प्राचीन संस्कृति जिंदा है यह हमारे पूर्वजों के कार्यक्रम का परिणाम है। बैठक में मौजूद सभी लोगों को हिंदू एकता की शपथ दिलाई गए और जाति-पात की करो विदाई हिंदू हिंदू भाई भाई किनारे दिए गए। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिवम्, दीपक मौर्य, पुष्पेंद्र पांडे, चेतन, सर्वेश पटेल, राजा राम सरोज, वीरेन्द्र दिवाकर राजेंद्र सरोज, नितिन दुबे, इंद्रपाल सरोज, अंशु प्रजापति, आशीष दुबे, गुलजार सरोज, सतीश दिवाकर, गुलाब सरोज, दुखी लाल लोधी, फूलचंद लोधी, रतिराम, भैया लाल विश्वकर्मा, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी : राजेश तिवारी



**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी की एक जनसभा चायल विधानसभा सरांय अकिल के ओम वाटिका में कौशाम्बी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई , जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी उपस्थित रहे । विशिष्ट अतिथि के रूप में चायल विधानसभा के पूर्व विधायक विजय प्रकाश उपस्थित रहे ।बैठक को संबोधित करते हुए राजेश साहनी ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है , कार्यकर्ता ही पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करता है । बैठक में उपस्थित यूपी कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं प्रभारी कौशाम्बी मनीष मिश्रा ने कार्यकताओं को आगाह किया कि कार्यकर्ता यूपी में होने वाले उपचुनाव के लिए तैयार रहे क्योंकि उपचुनाव कभी भी घोषित हो सकता है । बैठक में उपस्थित उत्तरप्रदेश कांग्रेस के महासचिव राम किशुन पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की लोकप्रियता को देखकर बीजेपी बौखला गई है तथा राहुल गांधी के विषय मे हमेशा दुष्प्रचार करते रहते हैं । बैठक को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि विजय प्रकाश ने कहा कि जनता मंहगाई , भ्रष्टाचार से पूरी तरह त्रस्त है । बैठक को प्रदेश महासचिव मुकुन्द तिवारी , प्रदेश सचिव कौशाम्बी कांग्रेस के प्रभारी राजेश साहनी , किशोर वार्ष्णेय , हरिकेश त्रिपाठी कौशाम्बी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम ,कोषाध्यक्ष आदिल जाफरी उर्फ शम्मू भाई , उपाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी , सत्येंद्र प्रताप सिंह ,आशीष मिश्रा पप्पू मनोज पटेल मो0 अकरम राजनारायण पासी,उदय यादव,महासचिव में कौशलेश द्विवेदी कालका सिंह ,दीपक पांडेय बाबूजी , अर्श खुर्शीद राजबहादुर चौधरी , शशि प्रताप त्रिपाठी युगल किशोर त्रिपाठी मो0 आरिज राम सूरत रैदास सचिव डॉ आर के मिश्रा अशोक दुबे विजय यादव दुर्गेश प्रजापति सोफिया , युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अल्कामा उस्मानी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी , महिला कांग्रेस की प्रभारी रजिया बेगम सोशल मीडिया के जिला प्रभारी सचिन पांडेय , प्रदेश सचिव मो0 शाहरुख ,ब्लाक अध्यक्ष उमेश पांडेय , मो0 मुस्लिम सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता , पदाधिकारी एवं नेतागण उपस्थित रहे ।

### विधवा की दुकान से नकदी सहित लाखों के जेवरात उठा ले गए चोर




**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के धुमाई ग्राम सभा के मजरा मुराइन के पुरवा में परचून की दुकान का लोहे का दरवाजा का कुंडा काटकर दुकान में घुसे अज्ञात चोरों ने बड़ा बक्सा की कुंडी काटकर नकदी सहित लाखों के जेवरात चोरी कर चंपत हो गए। मुराइन के पुरवा में रामसखी पत्नी स्व. रामपाल मौर्य परचून की दुकान खोल रखी है ।रामसखी के अनुसार बीती शाम दुकान बंद कर पास में ही स्थित दूसरे घर में खा पीकर सो गई रात करीब 11 से 12 के बीच अज्ञात चोरों ने लोहे के दरवाजे का कुंडा काटकर दुकान में रखे बड़े बक्से का कुंडी तोड़कर करीब 50 हजार नकदी सोने की लॉकेट, बाला चांदी का लाक्षा,पेटी परचून के गुल्लक से लगभग हजार रुपए चोरी कर फरार हो गए ।रामसखी ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है वहीं चौकी पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### दिव्यांग बच्चों का नामांकन एवं स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के विषय में अभिभावकों को किया प्रेरित




**कौशाम्बी** बीआरसी सरसावां में समेकित शिक्षा के अंतर्गत एनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों हेतु पेरेंट्स काउंसलिंग के द्वितीय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसावां डॉ जवाहर लाल यादव द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से दो सत्रों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दिव्यांग बच्चों का नामांकन एवं स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के विषय में अभिभावकों को प्रेरित किया तथा अभिभावकों से कहा गया कि दिव्यांग बच्चों को उनकी प्रतिभाओं के अनुसार समाज में आगे बढ़ने का कार्य करें कार्यक्रम में उपस्थित रिसोर्स पर्सन दयाशंकर ए आर पी सरसावां खुद दिव्यांग होने के बावजूद अपने जीवन में आ रही कठिनाइयों के बारे में तथा अपनी सफलता के बारे में अभिभावकों को जानकारी दिया तथा छोटेलाल पाल सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा अपने निजी अनुभव एवं दिव्यांगता पर विचार व्यक्त कर अभिभावकों के ज्ञान को समृद्ध किया गया। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटर शारदा कुमार सिंह, अनिल सिंह,एवं फिजियोथैरेपिस्ट पंकज साहू द्वारा अभिभावकों को विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता की पहचान,कारण तथा रोकथाम के विषय में जागरूक किया गया तथा समेकित शिक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के विषय में अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### अशांति फैलाने वाले दो सगे भाइयों का शांति भंग में चालान

**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी तुफैल अहमद और गुफरान अहमद पुत्र इस्तियाक के आतंक अत्याचार से गांव के लोगों के साथ पुलिस भी परेशान हो गई है जिस पर शुक्रवार को थाना पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर मजिस्ट्रेट की अदालत में चालान कर दिया है।

### सौर ऊर्जा में लगी बैटरी की हुई चोरी अधिशाषी अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष से शिकायत

**कौशांबी।** सौर ऊर्जा में लगी दो बैट्री को चोरों ने शातिराना अंदाज में गायब कर दिए जिसकी भनक मोहल्ले वासियों को भी नही लगी। बैट्री चोरी की शिकायत अधिशाषी अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष से मोहल्ले वासियों ने की है। नगर पंचायत चायल के वार्ड नं0 3 गाँधी नगर में प्रकाश व्यवस्था हेतु गोकुल पुत्र बग्गड़ के घर के पास सौर उर्जा लगा था जिसमें दो बैट्री भी लगी थी और उस सौर ऊर्जा से 25 सितंबर की रात्रि में सौर उर्जा में लगी 2 बैट्री की चोरी हो गई जिससे वार्ड में अधेरा रहता है और आने – जाने में लोगों को काफी दिक्कतों का समना करना पड़ता है। उक्त प्रकरण में राजू सभासद और मोहल्ले वासियों ने अधिशाषी अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष से एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की है। अधिशाषी अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष ने मामले को संज्ञान लेकर जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही कराए जाने का आश्वासन दिए हैं।

## सम्पादकीय

# फारेन लैंग्वेज से पूरा होगा बेहतर कैरियर का सपना

32,87,263 वर्ग कि. मी क्षेत्रफल के साथ भारत दुनिया का भौगोलिक तौर पर सातवां बड़ा देश है और करीब 144 करोड़ की आबादी के साथ दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने क्वाड ('क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग') बैठक में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परिचय कराते हुए भारत के बारे में कहा कि यह एक छोटा देश है, जिसकी आबादी बहुत कम है। दुनिया की एकमात्र महाशक्ति होने का दावा करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति का सामान्य ज्ञान शायद इतना कम नहीं होगा, और हो सकता है यह बात उन्होंने मजाक में कही हो। क्योंकि अपने इस निकृष्ट स्तर के मजाक के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को अपना मित्र भी बताया। मोदी-बाइडेन के बीच अनुमानित मजाक के इन क्षणों का वीडियो सोशल मीडिया पर उपलब्ध है, जिसे पाठक देख कर समझ सकते हैं कि अमेरिका और भारत दोनों किस तरह कूटनीतिक तकाजों में चूकते जा रहे हैं। क्वाड का मंच अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और सहयोग के लिए बना है, इस तरह के ओछे मजाक के लिए नहीं। अगर जो बाइडेन और नरेन्द्र मोदी में गहरी दोस्ती है, तब भी इसमें कूटनीतिक शिष्टाचार को परे नहीं किया जाना चाहिए। नरेन्द्र मोदी इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को केवल बराक कहकर या डोनाल्ड ट्रंप के लिए अबकी बार ट्रंप सरकार कहकर भारत की शर्मिंदगी का सबब बन चुके हैं, इस बार जो बाइडेन ने नरेन्द्र मोदी को टक्कर दे दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के बारे में यह अभद्र टिप्पणी करने से पहले एक और गलती की थी, जब क्वाड देशों के राष्ट्राध्यक्षों का परिचय कराने के सिलसिले में वे प्रधानमंत्री मोदी का नाम ही भूल गए थे। अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और भारत, इन चार देशों ने ही क्वाड का गठन किया है और इसमें जो बाइडेन को अपने अलावा तीन और लोगों का परिचय कराना था, जिसमें वे नरेन्द्र मोदी का नाम ही ऐन वक्त पर भूल गए और फिर उनके स्टाफ ने उनकी मदद की। इस भूल को छिपाने की कोशिश में ही शायद जो बाइडेन ने भारत के आकार और आबादी को लेकर टिप्पणी की। कारण जो भी हो, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति का यह व्यवहार किसी भी नजरिए से अंतरराष्ट्रीय मयार्दा के अनुकूल नहीं था। नरेन्द्र मोदी ने भी बाइडेन की इस टिप्पणी के बाद हंसते हुए केवल थैंक यू कह दिया, जबकि कायदे से उन्हें उसी वक्त पूरी शिष्टता और सौम्यता के साथ बता देना चाहिए था कि दुनिया में भारत का स्थान क्या है। अगर नरेन्द्र मोदी ऐसा करते तो इससे भारत की मजबूत छवि दुनिया के सामने बनती। अफसोस कि श्री मोदी ने इस मौके को गंवा दिया। अगर श्री मोदी की जगह राहुल गांधी होते और वे इसी तरह थैंक यू बोलते तो भाजपा के नेता इस पर राष्ट्रव्यापी हंगामा खड़ा कर चुके होते कि राहुल गांधी ने देश का अपमान होने पर शुक्रिया कहा। अब देखना होगा कि नरेन्द्र मोदी के थैंक यू को भाजपा नेता किन दलीलों के साथ सही ठहराते हैं।

वैसे बात केवल भारत के प्रधानमंत्री को सही या गलत साबित करने की नहीं है, यह मसला पूरे देश की साख के साथ जुड़ा है।

# खुद को कठपुतली साबित करने पर आमादा हैं आतिशी

– डॉ. दीपक पाचपोर

**... तो अप**नी ऊंची तालीम, दिल्ली सरकार में बतौर शिक्षा मंत्री के रूप में किया गया उनका चमकदार प्रदर्शन, शिक्षितों के संगठन आप की नेता होने की सारी उपलब्धियों को खाक में मिलाते हुए इन काबिल मोहतरमा ने अपनी बगल में यह कहकर एक कुर्सी खाली छोड़ दी, कि वह उनके गुरू व नेता अरविंद केजरीवाल की है। संदर्भः भरत का अजुध्या में चलाया गया खड़ाऊ राज। यानी वे नाममात्र के राजा थे। 14 वर्षों का स्टॉपगैप अरेंजमेंट- अस्थायी व्यवस्था।सदियों के राजतंत्र, लम्बी सामंतशाही व्यवस्था तथा 200 वर्षों की औपनिवेशिक दासता से लम्बा संघर्ष कर मुक्त होने वाले भारत के नवसामंतों को राजशाही का चस्का है। जब लोकतांत्रिक तरीके से चुने हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धार्मिक विधि-विधानों के साथ और पौराणिक काल के डिजाइनर परिधानों में लिपटकर लोकतंत्र की सर्वोच्च आसंदी के बगल में मध्यकालीन सैंगोल का इवेंट रच सकते हैं, तो उनके नक्शे-कदम पर चलने वाली आम आदमी पार्टी की दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना सिंह अपनी कुर्सी की बगल में भला क्यों नहीं एक कुर्सी खाली छोड़ सकतीं, जो एक तरह से खड़ाऊ राज का प्रतीक है।

आप को सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों की पार्टी कहा जाता है और आतिशी की तो उच्च शिक्षा ऐसे देश में भी हुई, जो अपनी लोकतांत्रिक परिपक्वता के लिये जाना जाता है। उनके माता-पिता मार्क्स और लेनिन से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम इन दोनों नामों के थोड़े-थोड़े अक्षरों से मिलाकर रखा था। हालांकि यह आश्चर्य की बात है कि वामपंथ से प्रभावित उनके अभिभावकों ने आतिशी को पढ़ने रूस या किसी साम्यवादी देश में न भेजकर एक पूंजीवादी देश ग्रेट ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भेजा था। यहां 'थ्री इडियट्स' के रैंचो को उद्धृत किया जा सकता है, जो कहता है कि 'ज्ञान जहां से मिले बटोर लेना चाहिये।' (चाहे मास्को विवि हो या हार्वर्ड अथवा गलगोटिया विवि।)

... तो अपनी ऊंची तालीम, दिल्ली सरकार में बतौर शिक्षा मंत्री के रूप में किया गया उनका चमकदार प्रदर्शन, शिक्षितों के संगठन आप की नेता होने की सारी उपलब्धियों को खाक में मिलाते हुए इन काबिल मोहतरमा ने अपनी बगल में यह कहकर एक कुर्सी खाली छोड़ दी, कि वह उनके गुरू व नेता अरविंद केजरीवाल की है। संदर्भः भरत का अजुध्या में चलाया गया खड़ाऊ राज। यानी वे नाममात्र के राजा थे। 14 वर्षों का स्टॉपगैप अरेंजमेंट- अस्थायी व्यवस्था। जब राजा राम वनवास से लौटे तो भरत ने गद्दी सौंप दी। कुछ इसी तर्ज पर आतिशी ने संदेश दिया है कि इस कुर्सी पर असली हक तो केजरीवाल का है। वे तो परिस्थितियों के कारण यह काम सम्हाल रही हैं- भरत की तरह अनिच्छा से। जैसे भरत 14 वर्षों से इस अपराध भाव से राज करते रहे कि वे किसी और का हक मार रहे हैं। एक शासक जो खुद को ही प्रॉक्सी मान रहा हो, क्या उससे प्रशासकीय कुशलता तथा न्याय की उम्मीद की जा सकती है? भरत ने राजा के रूप में जब काम किया होगा तो यह भाव तो उनमें भी आया ही होगा। बहरहाल, रामकथा को एक ओर रख दिया जाये। कहते हैं कि महान मराठा शासक शिवाजी ने भी अपना राज-काज अपने गुरू रामदास समर्थ के नाम से ही चलाया था। एक ओर आध्यात्मिक पुंज की प्रेरणा तो दूसरी ओर उनकी माता जीजा के



मार्गदर्शन में उन्होंने जैसा भी राज किया वह राजशाही के अंतर्गत की गयी व्यवस्था ही थी।

आतिशी तो लोकतांत्रिक पार्टी की नेता हैं। केजरीवाल द्वारा पद छोड़े जाने के बाद उन्हें विधायक दल का नेता एक निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत चुना गया है। बगल में एक और कुर्सी लगाकर आतिशी ने उस संविधान सम्मत प्रक्रिया पर ही पानी फेर दिया है। वैसे तो उनके पास एक नायाब मौका है कि वे अपनी कार्य कुशलता और योग्यता का परिचय दें। उनकी पार्टी कठिन दौर से गुजर रही है। एक ओर उनके असली सीएम के हाथ-पांव बांध दिये गये हैं, तो वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के लेफ्टी. गवर्नर भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर पूरी पार्टी को ही नेस्तनाबूद करने पर तुले हैं। वैसे में आतिशी के पास खुद को साबित करने का मौका है। उन्हें बचे समय में दिल्ली के बहुत से काम करने हैं और उनके पास यह भी अवसर चलकर आया है कि दिल्ली विधानसभा का अगला चुनाव उन्हीं के नेतृत्व में लड़ा जायेगा- सीएम होने के नाते। तो उन्होंने इस मौके पर अलग कुर्सी लगाकर बाकायदे ऐलान कर दिया कि आखिरकार वे हैं तो किसी के हाथों की कठपुतली ही। लड़ाई तो एलजी के हाथों की कठपुतली बनने से इंकार करने की लड़ी जा रही थी। आप एक के हाथ की कठपुतली बनने से तभी इंकार कर सकते हैं जब आप किसी की भी कठपुतली न बनें। देश में ऐसे कई उदाहरण हैं कि किसी को किसी की कृपा से कोई पद तो मिलता है, लेकिन उसे अपनी स्वतंत्र सत्ता साबित करनी होती है। आज भाजपा की इसीलिये तो आलोचना होती है कि उसने सभी को मोदी और उनके खासमखास अमित शाह के हाथों की कठपुतली बना दिया है। वे तो मजबूरी में बने हैं- आतिशी मैडम तो स्वघोषित कठपुतली बन बैठी हैं। ऐसे में उनका इकबाल कैसे कायम होगा?

हो सकता है कि आतिशी ने स्वयं को निष्ठावान साबित करने के लिये ऐसा किया हो, पर यह है तो लज्जाजनक ही। पता नहीं यह आइडिया उनका खुद का था या उन्हें पार्टी नेतृत्व ने ऐसा करने के लिये निर्देशित किया था। यदि किसी ने कहा भी हो तो उन्हें मना कर देना था और ऐसे पद को स्वीकार ही नहीं करना था। सम्भवतः हाल ही में झारखंड में जो हुआ वह भी शायद आप के नेताओं को आशंकित कर गया हो। याद हो कि जेल जाने के पहले वहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता चम्पई सोरेन को सीएम बना दिया था। उस वक्त तो उन्होंने कहा था कि वे हेमंत की जगह पर काम कर रहे हैं और असली सीएम हेमंत ही हैं। जेल से छूटने के बाद जब हेमंत वापस अपनी कुर्सी पर विराजमान हुए तो चम्पई ने अपने अपमान के कई किस्से सुनाते हुए दल का त्याग कर दिया और भाजपा में समा गये। आतिशी शायद आप नेताओं को आश्वस्त करना चाहती होंगी कि वे हर घड़ी हर पल इस बात को याद रखेंगी कि वे केजरीवाल की दी गयी कुर्सी पर बैठी हैं। हालांकि वे ऐसा नहीं भी करतीं तो भी यह जगजाहिर सी बात थी। सवाल तो यह है कि इस महत्वपूर्ण पद पर बैठी सीएम से बाहर के लोग, खासकर विदेश से जो आएंगे, तो उन्हें भारतीय लोकतंत्र के इस रिक्त स्थान को देखकर आश्चर्य होगा। देश को लेकर बनने वाली उनकी धारणा किस तरह की हो सकती है- इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। यह कुछ वैसा ही है जैसे वाराणसी के एक थाने में भैरव बाबा की कुर्सी खाली रहती है। माना जाता है कि वे ही शहर के कोतवाल हैं। उसका निरीक्षण कोई अधिकारी कभी नहीं करता। उसे देखने तक लोग थाने में जाते हैं। शिकायत करने वालों को पुलिस रोक सकती है, परन्तु दर्शन करने वालों को नहीं। आतिशी कुछ कर सकें या नहीं, लोगों को उस खाली कुर्सी के दर्शन करने से रोक नहीं सकेंगी। यह एक तरह से खुद पर उन्होंने पहरेदारी बिठा ली है। वैसे मोतीलाल वोरा को जब मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया था ।

# पेजर और वॉकी-टॉकी विस्फोट मध्य पूर्व में नये तकनीकी युद्ध का संकेत

– एम ए हुसैन

**स्थिति** इस तथ्य से और जटिल हो जाती है कि इजरायल के सैन्य अभियान शून्य में नहीं हो रहे हैं। गाजा में चल रहे संघर्ष, पश्चिमी तट में अशांति के साथ, ने पहले से ही इजरायल के सैन्य संसाधनों को कम कर दिया है। लेबनान में हिज्बुल्लाह से भिड़ने से पहले से ही जटिल और अस्थिर स्थिति में तीसरा महत्वपूर्ण मोर्चा जुड़ जायेगा।

हाल ही में लेबनान में हजारों पेजर तथा वॉक-टॉकी सेटों का विस्फोट एक खतरनाक घटना है जो इजराइली हाथ के लक्षण दशार्ता है, जो संभवतः इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच आसन्न सैन्य युद्ध में वृद्धि के संकेत देता है। यह तनाव हिज्बुल्लाह की हाल ही में इजराइली सेना के साथ झड़पों के बाद से बढ़ रहा है, जो 7 अक्टूबर को हमास के नेतृत्व वाले घातक हमले के बाद गाजा के खिलाफ इजराइल की तीव्र सैन्य कार्रवाइयों का सीधा जवाब है। लेबनान के पेजर को लक्षित करने के पीछे रणनीतिक उद्देश्य स्पष्ट हैः हिजबुल्लाह के आंतरिक संचार को पंगु बनाना, जो इसके सैन्य अभियानों का एक महत्वपूर्ण घटक है।

हाल के वर्षों में हिजबुल्लाह ने संचार के लिए मोबाइल फोन का उपयोग करना बंद कर दिया है, क्योंकि उसे संदेह है कि इजरायली खुफिया एजेंसियों ने उनके साथ समझौता किया है, जिसके कारण हिज्बुल्लाह के प्रमुख लोगों की पहचान की गयी और उन्हें लक्षित तरीके से मार दिया गया। पेजर नेटवर्क पर हमला करके, इजरायल संभवतः इस नयी कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है, ताकि सैन्य कार्रवाई में वृद्धि की स्थिति में समन्वय करने की हिज्बुल्लाह की क्षमता को कम किया जा सके। ऐसा करके, इजरायल अपनी व्यापक क्षेत्रीय रणनीति में बढ़त हासिल करने की कोशिश कर सकता है, जिसमें गाजा में हमास को दबाने के साथ-साथ हिज्बुल्लाह के प्रभाव को बेअसर करना भी शामिल है।

हालाँकि पेजर विस्फोटों से तत्काल मरने वालों की संख्या नौ थी और यह बढ़ सकती है क्योंकि 2,800 घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है, लेकिन इन विस्फोटों के व्यापक निहितार्थ और भी अधिक चिंताजनक हैं। लेबनान की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, जो पहले से ही तनावग्रस्त है, के चरमराने का खतरा है। अगर इजरायल व्यापक सैन्य हमले के साथ आगे बढ़ता है, तो सैन्य और नागरिक हताहतों की बाढ़ लेबनान के चिकित्सा ढांचे को उसके टूटने के बिंदु पर पहुंचा





देगा। चिकित्सा सेवाओं पर यह संभावित दबाव न केवल घायल लड़ाकों के इलाज की देश की क्षमता में बाधा उत्पन्न करेगा, बल्कि नागरिक हताहतों की संख्या बढ़ने के कारण मानवीय संकट भी पैदा करेगा।

व्यापक भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से, इजराइल की कार्रवाइयों को एक उच्च-दांव जुआ के रूप में देखा जा सकता है। उत्तर में हिज्बुल्लाह से भिड़ने से गाजा और वेस्ट बैंक में उनके अभियानों के अलावा, इजराइली बलों के लिए एक तीसरा मोर्चा खुल जायेगा। सतह पर, यह एक जोखिम भरा कदम प्रतीत होगा, जो इजराइली संसाधनों का अत्यधिक उपयोग करेगा और इसकी सैन्य रणनीति को जटिल बनायेगा। हालांकि, संकटग्रस्त नेतन्याहू सरकार के लिए, यह वृद्धि एक महत्वपूर्ण राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति कर सकती है। नेतन्याहू का प्रशासन महत्वपूर्ण आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय दबाव में रहा है, जिसमें चल रहे संघर्ष एक एकीकृत राष्ट्रीय कारण प्रदान करते हैं। एक बहु-मोर्चा युद्ध नेतन्याहू को राष्ट्रीय सुरक्षा की आड़ में राजनीतिक शक्ति को मजबूत करने, आलोचना को दूर करने और घरेलू समर्थन जुटाने में सक्षम बना सकता है।

इस संभावित इजराइली-हिज्बुल्लाह संघर्ष के सबसे खतरनाक तत्वों में से एक आधुनिक युद्ध में प्रौद्योगिकी की भूमिका है। इस पेजर हमले जैसे उन्नत तकनीकी युद्ध का उपयोग, एक व्यापक प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है, जहाँ शारीरिक लड़ाई शुरू होने से पहले ही दुश्मनों को कमजोर करने के लिए गैर-पारंपरिक सैन्य रणनीतियों का इस्तेमाल किया जाता है। हिज्बुल्लाह के संचार ढांचे को निशाना बनाकर, इजराइल संभावित जमीनी या हवाई हमले का प्रभावी ढंग से जवाब देने की उसकी क्षमता को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है।

इस टकराव के महत्वपूर्ण क्षेत्रीय परिणाम भी हैं। ईरान के साथ हिज्बुल्लाह के घनिष्ठ संबंधों ने इसे लंबे समय से मध्य पूर्व के नाजुक शक्ति संतुलन में एक प्रमुख खिलाड़ी बना दिया है। जबकि ईरान ने हमास और इजराइल के बीच मौजूदा संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने से परहेज किया है, हिज्बुल्लाह के प्राथमिक समर्थक के रूप में इसकी भूमिका इसे लेबनान के खिलाफ किसी भी इजराइली कार्रवाई के बीच में रखती है। कई पर्यवेक्षक हिज्बुल्लाह को ईरानी हितों के लिए एक प्रॉक्सी के रूप में देखते हैं, एक रणनीतिक हाथ जो तेहरान को प्रत्यक्ष सैन्य जुड़ाव के बिना शक्ति और प्रभाव को प्रोजेक्ट करने की अनुमति देता है। यह संबंध दांव को काफी हद तक बढ़ा देता है। यदि संघर्ष आगे बढ़ता है, तो ईरान को लड़ाई में खींचा जा सकता है, जिससे एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध छिड़ सकता है।

हाल के हफ्तों में इजरायल की कार्रवाइयों से पता चलता है कि वह ठीक इसी नतीजे को भड़काने की कोशिश कर रहा है। लेबनान में पेजर विस्फोटों के अलावा, इजरायल ने सीरिया में ईरानी संपत्तियों पर हवाई हमले किये हैं, सबसे खास तौर पर दमिश्क में, और ईरान की सीमाओं के भीतर हमास के प्रमुख लोगों की हत्या की है। ये कार्रवाइयां पूरे क्षेत्र में ईरानी हितों को लक्षित करने की इजरायल की व्यापक रणनीति को दशार्ती हैं, जिससे यह चिंता बढ़ रही है कि इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष जल्दी ही ईरान को शामिल करते हुए एक बड़े युद्ध में बदल सकता है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से पश्चिम ने अब तक इजरायल की आक्रामक रणनीति को रोकने के लिए बहुत कम झुकाव दिखाया है। इजरायल के सबसे कट्टर सहयोगी संयुक्त राज्य अमेरिका ने गाजा में मानवीय नुकसान की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय निंदा के बावजूद इजरायली सैन्य अभियानों के लिए अपने निरंतर समर्थन का संकेत दिया है। वास्तव में, पश्चिमी शक्तियों की ओर से सार्थक विरोध की कमी इजरायल को अपने रणनीतिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए खुली छूट देती है, भले ही उन कार्रवाइयों से क्षेत्र में और अराजकता फैलने का जोखिम हो।

अब एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या यह नवीनतम प्रकरण - पेजर विस्फोट और आगे की सैन्य कार्रवाई की संभावना - लेबनान और उससे आगे व्यापक संघर्ष को जन्म देगा? हिज्बुल्लाह की प्रतिक्रिया अब तक सीमा पर छिटपुट गोलीबारी तक सीमित रही है, पर पूर्ण युद्ध की संभावना अभी भी है। यदि हिज्बुल्लाह इजरायल की कार्रवाइयों को अस्तित्व के लिए खतरा मानता है, तो वह ईरान सहित अपने क्षेत्रीय सहयोगियों को शामिल करते हुए, और संघर्ष को पूरे मध्य पूर्व के लिए विनाशकारी परिणामों के साथ एक बहु-मोर्चे के युद्ध में बदलने के लिए मजबूर महसूस कर सकता है।

स्थिति इस तथ्य से और जटिल हो जाती है कि इजरायल के सैन्य अभियान शून्य में नहीं हो रहे हैं। गाजा में चल रहे संघर्ष, पश्चिमी तट में अशांति के साथ, ने पहले से ही इजरायल के सैन्य संसाधनों को कम कर दिया है। लेबनान में हिज्बुल्लाह से भिड़ने से पहले से ही जटिल और अस्थिर स्थिति में तीसरा महत्वपूर्ण मोर्चा जुड़ जायेगा। फिर भी, नेतन्याहू के लिए, यह एक सोचा-समझा जोखिम हो सकता है जिसे उठाया जाना चाहिए। इजरायल सरकार ने लंबे समय से हिज्बुल्लाह को एक बड़ा खतरा माना है, और देश पहले से ही युद्ध की स्थिति में है, अब अपने उत्तरी विरोधी को निर्णायक झटका देने के लिए उपयुक्त समय के रूप में देखा जा सकता है। लेबनान में हजारों पेजर का विस्फोट एक महत्वपूर्ण और खतरनाक घटनाक्रम है जो मध्य पूर्व में वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य की नाजुकता को रेखांकित करता है। इजरायल की कार्रवाइयां, जो संभवतः हिज्बुल्लाह की संचार क्षमताओं को कम करने के उद्देश्य से हैं, एक व्यापक संघर्ष को भड़काने की क्षमता रखती हैं जो ईरान जैसी क्षेत्रीय शक्तियों को आकर्षित कर सकती हैं और क्षेत्र को और अस्थिर कर सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बड़े पैमाने पर किनारे पर खड़े होकर देखते रहने के कारण, युद्ध के बढ़ने की संभावना अधिक बनी हुई है, और इस तरह के संघर्ष की मानवीय लागत लेबनान और इजरायल दोनों के लिए विनाशकारी हो सकती है।

# धर्मनिरपेक्षता पर हमले का नया तरीका

– सर्वमित्रा सुरजन

**भारतीय संवि**धान में वर्णित धर्मनिरपेक्षता एक सकारात्मक और क्रांतिकारी अवधारणा है जो पश्चिमी अवधारणा से काफी अलग है। श्री रवि जिस यूरोपीय धर्मनिरपेक्ष विचार की बात कर रहे थे, उसमें धर्म का राज्य से कोई संबंध नहीं है। जबकि भारत में धर्मनिरपेक्षता में अंतर-धार्मिक समानता या सर्वधर्म समभाव पर जोर दिया गया है। धर्मों के भीतर होने वाले भेदभाव और दो धर्मों के भीतर होने वाले मतभेदों को भी ध्यान में रखा गया है।

तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने चार दिन पहले 22 सितंबर को कन्याकुमारी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 'धर्मनिरपेक्षता एक यूरोपीय अवधारणा' है और भारत को इसकी जरूरत नहीं है। श्री रवि ने कहा कि भारत के लोगों के साथ कई सारे फ्रॉड (धोखे) हुए हैं और उनमें से एक धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा है। उन्होंने कहा, 'ये अवधारणा यूरोप में चर्च और राजा के बीच झगड़े के कारण पैदा हुई थी। जबकि भारत एक धर्म केंद्रित राष्ट्र है और इसलिए ये संविधान का हिस्सा नहीं था। लेकिन एक 'असुरक्षित प्रधानमंत्री' ने आपातकाल के दौरान इसे संविधान में जुड़वाया।' जाहिर है राज्यपाल का इशारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर था। 1976 में इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में ही संविधान में संशोधन कर धर्मनिरपेक्ष शब्द को जोड़ा गया था। तब देश में आपातकाल लागू था। राज्यपाल रवि ने कहा कि स्वतंत्रता के दौरान जब संविधान ड्राफ्ट किया जा रहा था, तब धर्मनिरपेक्षता की चर्चा आई थी। उनका दावा है कि संविधान सभा ने इसे ये कहते हुए खारिज कर दिया था कि भारत एक धर्म केंद्रित राष्ट्र है और यहां यूरोप की तरह कोई झगड़ा नहीं है।

राज्यपाल रवि ने अपने भाषण में धर्मनिरपेक्षता को लेकर जो कुछ कहा, उससे एक बार फिर जाहिर हो गया है कि देश में संविधान पर अब भी खतरे मंडरा रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी संविधान को सिर-माथे से लगाकर देश को यह दिखलाना चाहते हैं कि कांग्रेस ने संविधान को भाजपा से खतरे का जो मुद्दा खड़ा किया है, वह गलत है और भाजपा प्राणपण से संविधान की रक्षा करेगी। इसलिए एनडीए सरकार ने संविधान हत्या विरोधी दिवस मनाने का फैसला भी ले लिया है। लेकिन राज्यपाल आर एन रवि ने संविधान में पूरे नियमों के साथ किए गए एक संशोधन पर उंगली उठाकर साबित कर दिया है कि संविधान को बदलने की साजिशें अभी खत्म नहीं हुई हैं। इस भाषण के सामने आने के बाद भी केंद्र सरकार की तरफ से इस पर आलोचना की कोई टिप्पणी नहीं आई। सरकार के किसी नुमाइंदे ने यह नहीं कहा कि संविधान की प्रस्तावना में जो कुछ लिखा है, हम उसे उसी तरह अक्षुण्ण बनाए रखेंगे, उसमें कोई फेरबदल नहीं होगा, न उसके खिलाफ की जा रही टिप्पणियों को बर्दाश्त किया जाएगा।

वैसे आर एन रवि को यह स्पष्ट कर देना चाहिए था कि उन्हें असली तकलीफ किस बात से है, संविधान में धर्मनिरपेक्षता से, धर्मनिरपेक्षता की यूरोपीय अवधारणा से, इंदिरा गांधी से या इंदिरा गांधी के कार्यकाल में हुए ऐसे संशोधन से, जिससे देश के करोड़ों लोगों को इस बात की राहत मिली कि वे किसी भी तरह से दोयम नहीं हैं। क्योंकि भारतीय संविधान जिस धर्मनिरपेक्षता की बात करता है, उसमें भारतीय संस्कृति की जरूरतों और विशेषताओं का ध्यान रखा गया है, यानी अनेकता में एकता और इसी वजह से हरेक नागरिक को समान होने का अधिकार है। इसके अलावा संविधान में धर्मनिरपेक्षता के जरिए विज्ञान और तर्कवाद को प्रोत्साहन और सरकार को धार्मिक दायित्वों से स्वतंत्र कर सभी धर्मों के प्रति एक सहिष्णु रवैया अपनाने पर जोर दिया गया है।

गौरतलब है कि दुनिया में जितने प्रमुख धर्म हैं, वे सब भारत में भी हैं, और हर धर्म का व्यक्ति अपनी पहचान के प्रति संवेदनशील होता है। उसकी धार्मिक पहचान सुरक्षित रहे, यह जिम्मेदारी केवल धर्मनिरपेक्ष राज्य ही पूरी कर सकता है। इसके साथ ही जो नागरिक नास्तिक होते हैं, उन्हें भी अपनी सोच के साथ सुरक्षित जीवन मिले, यह जिम्मा भी सरकार का ही है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा इन्हीं जिम्मेदारियों की अपेक्षा सरकार से करती है।

भारतीय संविधान में वर्णित धर्मनिरपेक्षता एक सकारात्मक और क्रांतिकारी अवधारणा है जो पश्चिमी अवधारणा से काफी अलग है। श्री रवि जिस यूरोपीय धर्मनिरपेक्ष विचार की बात कर रहे थे, उसमें धर्म का राज्य से कोई संबंध नहीं है। जबकि भारत में धर्मनिरपेक्षता में अंतर-धार्मिक समानता या सर्वधर्म समभाव पर जोर दिया गया है। धर्मों के भीतर होने वाले भेदभाव और दो धर्मों के भीतर होने वाले मतभेदों को भी ध्यान में रखा गया है। इसलिए दलित या महिला उत्पीड़न या जातिगत भेदभाव पर सरकार अंकुश लगाती है। पश्चिमी देशों में धर्मनिरपेक्ष सरकारें और अदालतें तब भी हस्तक्षेप नहीं करतीं, जब कोई धार्मिक संस्था किसी समुदाय या महिला के लिये कोई निर्देश देती है। लेकिन धर्मनिरपेक्ष भारत में धार्मिक स्थलों में महिलाओं के प्रवेश जैसे मुद्दों पर राज्य और न्यायालय दखल दे सकते हैं।

इसलिए धर्मनिरपेक्ष को यूरोपीय अवधारणा बताकर उसे भारतीयों के साथ धोखा कहना, असल में संविधानविरोधी बात है, जिस पर मोदी सरकार संज्ञान ले या न ले, अदालत को संज्ञान लेना ही चाहिए। दरअसल भाजपा कई तरीकों से ऐतिहासिक संदर्भों या फैसलों को तोड़-मरोड़ कर जनता के सामने पेश करती है, जिससे भ्रम की स्थिति बनती है। नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनावों में मुसलमानों को ज्यादा हक देने या मंगलसूत्र चोरी हो जाने जैसे डर जनता में इसी तरीके से फैलाने की कोशिश थी। हालांकि यह कोशिश कामयाब नहीं हुई। क्योंकि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के बाकी दलों ने जनता को यह समझा दिया कि ये सारी बातें संविधान बदलने की रणनीति से ध्यान भटकाने की कोशिश हैं। अब आर एन रवि के इस बयान के बाद संविधान में धर्मनिरपेक्षता के विचार का पुनःपाठ कर लेने का अवसर बन गया है।

संविधान निर्माण के समय से ही धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा इसमें मौजूद थी, संविधान के भाग-3 में वर्णित मौलिक अधिकारों में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद-25 से 28) इसका प्रमाण है। 1976 में धर्मनिरपेक्षता शब्द को जोड़कर इस अधिकार को और विस्तार दिया गया।

# सभी बच्चें यूनिफॉर्म में हों: डीएम

## वार्डन को कारण बताओ नोटिस जारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति की बैठक कहा कि स्कूलों के निरीक्षण बाबत कमियों पर क्या कार्य हुए हैं, बतायें। 19 पैरामीटर के तहत कार्यो का डीएम ने टॉयलेट बाबत जानकारी ली। खंड शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये कि जिन संबंधित ब्लॉक में टॉयलेट नहीं हैं, उसे समन्वय बनाकर बनवायें।

शुक्रवार को डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कलेक्टेट्रट स्थित सभागार में जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति की बैठक में कहा कि जहां पर भवन बने हैं, पेंटिंग करायें। कार्यदाई संस्था का नाम लिखे। बच्चों को टॉयलेट न यूज करने बाबत क्या-क्या बीमारी हो सकती है, बतायें। मेरी छत मेरी पानी योजना के तहत जितनी जगह पर बने हैं, आख्या दें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि जो प्रधान-सचिव नये बने हैं, उसकी लिस्ट दें। जहां-जहां पर बनी छत टपक रही है, ठीक करायें। मुख्य विकास अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी भ्रमण कर समस्याओं बाबत आउटपुट दें। जिले में बच्चों की स्थिति शिक्षा के क्षेत्र में खराब है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निरीक्षण दौरान जिनके खिलाफ नोटिस जारी हुई है, उनमें क्या कार्रवाई की गई।


बैठक में निर्देश देते डीएम।

डीएम ने बीएसए को निर्देश दिये कि किसी भी विद्यालय में पूरी पुस्तक उपलब्ध नहीं है, ये सुनिश्चित करायें। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिवरामपुर बाबत कहा कि निरीक्षण दौरान मेन्यू से खाना नहीं मिला। कहा कि वार्डन को कारण बताओ नोटिस जारी करें। जो पीएम श्री योजना के तहत कहा कि ये महत्वपूर्ण योजना है। इसमें स्वयं उनकी विशेष रूचि है। इसमें जो वित्त खर्च हुआ है, एक अच्छा मॉडल स्कूल होना चाहिए। जहां आवश्यकता है, वहां निर्माण करायें। कार्य योजना बनाकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने बच्चों के यूनिफॉर्म बाबत निर्देश दिये कि सभी बच्चों को यूनिफॉर्म होनी चाहिए। सभी बच्चों व अभिभावक से कहे कि यूनिफॉर्म में आयें। कहा कि ये आकांक्षी जिला है। इसके बाद भी शिक्षा में सुधार नहीं हो रहा। निपुण भारत अभियान के तहत शिक्षकों ने जो कमेंटमेंट किया था, उसके शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। बैठक में सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसीएनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक एसके मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह समेत आदि मौजूद रहे।

# दुधमुंही बच्ची के साथ हैवानियत करने वाले दरिंदे को उम्रकैद

## विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने सुनाया निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दुधमुही बच्ची के साथ हवस का गंदा खेल खेलने वाले दरिन्दे को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं पांच हजार रूपये का जुर्माना भी हुआ।

शुक्रवार को विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बहिलपुरवा थाने में एक महिला ने 23 जुलाई 2020 को दी तहरीर में महिला ने बताया कि वह अपने पति व ससुर के साथ 23 जुलाई 2020 को खेत में धान लगा रही थी। ससुर खेत में बैलों को लेकर हल चला रहे थे। सास घर में धान के बेड उखाड रही थी। लाइट चली जाने पर ससुर ने उसे घर जाने को कहा। घर आकर सास से अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी के बारे में पूंछा तो उन्होंने बताया कि बिटिया यहीं खेल रही थी। बिटिया को सेमरदहा गांव के टेकारी का निवासी भगवानदीन समोसा खिलाने को साथ ले गया है। वह भगवानदीन के घर गई तो दरवाजा अन्दर से बंद था। महिला ने जब दरवाजा खटखटाकर खुलवाया तो उसकी बेटी अन्दर रो रही थी। वहां से लेकर अपने घर अपने पर जब उसने बेटी को गोद में उठाया तो उसके नाजुक अंग से खून बह रहा था। 18 माह की बेटी के साथ भगवानदीन ने बलात्कार किया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जो अब तक जेल में बंद है। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी भगवानदीन को आजीवन कारावास व पांच हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया।

# पात्र लाभार्थी सामूहिक विवाह योजना में करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पात्र जोड़ों का विवाह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12 नवम्बर 2024 व आगामी शुभ तिथियों में कराया जाना निर्धारित है।

योजना बाबत पोर्टल पर आनलाइन आवेदन की सुविधा है। आनलाइन आवेदन कर कन्या उप्र की मूल निवासी हो, कन्या की उम्र 18 वर्ष व वर की उम्र 21 वर्ष से कम न हो, वार्षिक आय सीमा अधिकतम दो लाख हो। विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलायें भी विवाह को आनलाइन आवेदन कर सकती हैं। योजना में 51000 प्रति जोड़ा व्यय किये जाने की व्यवस्था है। जिसमें 35000 सीधे कन्या के बैंक खाते, 10 हजार के उपहार व 6000 भोजन, पंडाल आदि की व्यवस्था में व्यय किये जाते हैं। शीघ्र आनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठायें।

# दूर-दूर तक जायें ऐतिहासिक रामलीला का संदेश: महंत

## 18 दिनों तक चलेगी रामलीला

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** कस्बे के रामलीला भवन में रजिस्टर्ड तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मुकुट पूजा हुआ। शुक्रवार को रामलीला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा व रामलीला कमेटी के संरक्षक लक्ष्मी प्रसाद मिश्र, प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय, कार्यवाहक अध्यक्ष सोमनाथ, सतीश चन्द्र मिश्र, अशोक द्विवेदी, मंटू गुप्ता आदि की मौजूदगी में रामलीला भवन में पं गंगा प्रसाद पाण्डेय, पं अटल बिहारी वाजपेई विधवत मंत्रोच्चारण कर मुकुट पूजा सम्पन्न कराई। कमेटी संरक्षक लक्ष्मी प्रसाद मिश्र ने कहा कि संत शिरोमण गोस्वामी तुलसीदास संवत 1633 ई में सर्वप्रथम काशी व द्वितीय सोपान में भगवान राम के चरित्र का मंचन गोस्वामी तुलसीदास ने शुरू किया था। उस परम्परा का निर्वहन करने को राजापुर नगरवासियों के सहयोग की जिम्मेदारी बनती हैं। कहा कि रामचरितमानस के सातों कांड की लीलायें तुलसीधाम के मंच पर अनवरत 18 दिनों तक की जाती हैं। रामराज्याभिषेक के साथ लीला का समापन किया जाएगा। तुलसी जन्मभूमि राजापुर में एक ऐतिहासिक रामलीला का संदेश दूर-दूर तक जाना चाहिए।


मुकुट पूजन करते महंत आदि।

रामलीला कमेटी प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि रामलीला मंचन को चुनिन्दा कलाकारों को बुलाया गया है। जिससे भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम की लीलाओं का अद्वितीय मंचन देखने को मिलेगा। बांदा के महंत संगमलाल दीक्षित अपने कलाकारों के साथ मुकुट पूजा में अपनी सहभागिता दी है। मुकुट पूजा में संतोष कुमार सोनी, रमन मोदनवाल, दीपक जायसवाल, संतोष अग्रहरि, रामनरेश गुप्ता, अनिल मिश्रा, शिवबाबू तिवारी, शिवपूजन गुप्ता ,भारत जायसवाल, प्रशांत तिवारी मनोज जायसवाल, आदि गणमान्य मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन खराब

## गरीब मरीजों की बढ़ी मुश्किलें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की मशीन खराब होने से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। अस्पताल में अब तक हर वर्ग के मरीजों को मुफ्त में सीटी स्कैन की सुविधा मिलती थी, जो अब बंद हो गई है। प्राइवेट अस्पतालों में सीटी स्कैन करवाने के लिए तीन हजार रुपये देना पड़ता है। जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को काफी परेशानी होगी। अब मशीन खराब होने के बाद जिले में सीटी स्कैन की कोई सुविधा नहीं है। मरीजों को मजबूरन प्रयागराज, कौशांबी या मप्र के अस्पतालों का रुख करना होगा। शुक्रवार को अचानक मशीन के बंद हो जाने से जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वंदना श्रीवास्तव ने बताया कि इमरजेंसी मरीजों को तुरंत इलाज को कौशांबी व प्रयागराज भेजा जाएगा। अन्य मरीजों को 6-7 दिनों तक इंतजार करना होगा। जब तक मशीन को ठीक नहीं किया जाता। अगले सात दिनों में मशीन को ठीक करने की बात कह रहा है। तब तक मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

## जान से मारने की धमकी के दो आरोपी दंडित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार अशोक बाबू की पैरवी तथा अभियोजन अधिकारी बृजमोहन सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायाधीश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोपी श्रीमती इन्दा देवी पत्नी संत कुमार व जानकी देवी पुत्र संत कुमार दुगवां को दो-दो हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है।

# दिसंबर तक मंदाकिनी को मिलेगी प्रदूषण से राहत

## सीवर ट्रीटमेंट से गंदगी पहुंचेगी सीधे एसटीपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अगले तीन माह में मंदाकिनी नदी को मप्र क्षेत्र से होने वाले प्रदूषण से राहत मिलेगी। कई नाले नदी में गिरने से रुकेंगे। मठ-मंदिर, आश्रम व होटलों की गंदगी सीवर के जरिये नदी से दूर फेंकी जायेगी।

ये जानकारी शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने दी। बताया कि 32 करोड़ की लागत से मप्र क्षेत्र में सीवर ट्रीटमेंट कार्य चल रहा है। अक्टूबर माह में कार्य पूरा होना था। अब दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। नगर पंचायत क्षेत्र में पचास किमी पाइप लाइन बिछाने व पांच हजार कनेक्शन जोड़ने का लक्ष्य था। 40 किमी से ज्यादा लाइन बिछ गई है। सौ कनेक्शन जोड़े गये हैं। दो-तीन माह में सीवर ट्रीटमेंट का कार्य पूरा हो जाएगा। मंदाकिनी नदी को प्रदूषण से राहत मिलेगी। स्फटिक शिला से भरतघाट तक नदी किनारे अलग से पाइप लाइन बिछाई गई है। नदी किनारे बने मठ-मंदिर व आश्रमों की गंदगी सीधे नदी में न जाये। आरोग्यधाम से लेकर भरतघाट तक गिरने वाले कई नाले अब नदी में नहीं गिरेंगे। सरयू नाला से गिरने वाली गंदगी भी अब दिसंबर के बाद शायद ही नदी में गिरे। नयागांव क्षेत्र की गंदगी अब बड़े नाले से मंदाकिनी नदी में गिरने की बजाय सीवर के जरिए क्योटरा स्थित एसटीपी पहुंचेगी। युद्ध स्तर पर जारी सीवर ट्रीटमेंट कार्य पूरा हो जाने से नदी को लगभग 60 प्रतिशत प्रदूषण से राहत मिलेगी। बुंदेली सेना ने तत्कालीन मप्र मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के प्रति आभार जताया है। धर्मनगरी को विशेष क्षेत्र प्राधिकरण घोषित कर चहुंमुखी विकास की तैयारी कर रहे। मुख्यमंत्री मोहन यादव की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है।


बन रहा एसटीपी सीवर ट्रीटमेन्ट।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चढी भ्रष्टाचार की भेंट

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के रामपुर कल्याणगढ़ गांव में करोड़ों की लागत से बन रहा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ गया।

ये खुलासा शुक्रवार को हुआ। बताया गया कि कस्तूरबा आवासीय विद्यालय सीएनडीए कार्यदाई संस्था निर्माण कार्य करा रही है। पूरी बिल्डिंग में न कहीं कालम, न पिलर दिया गया है। थर्ड क्वालिटी की ईट-बालू आदि मटेरियल का प्रयोग हो रहा है। मानक से कम सीमेंट का इस्तेमाल हो रहा है। ठेकेदार नियम-कानून को ताक में रखकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। बिल्डिंग में गुणवत्ताविहीन कार्य कराया जा रहा है। संबंधित अधिकारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। इस बाबत उपजिलाधिकारी पंकज वर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।


थर्ड क्वालिटी की ईंट।

# पुलिस ने एक अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर दबोचा, 21 किलो 20 ग्राम गांजा व मोटरबाइक बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने एक अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर को 21 किलो 20 ग्राम गांजा व मोटरबाइक समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि 26/27 की रात एक बजे थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मड़फा फतेहगंज तिराहा से मोटरबाइक यूपी 90एबी-2683 सवार सुरेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व रामआसरे फतेहगंज बांदा को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी से उसके कब्जे से 21 किलो 20 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूंछताछ में बताया कि वह गांजा उड़ीसा से लाया हूं। चित्रकूट, बांदा, कौशाम्बी, फतेहपुर, सतना, पन्ना में सप्लाई करता हूं। बरामद गांजे की कीमत पांच लाख 30 हजार रुपये है। बरामद मोटरबाइक को एमवी एक्ट में सीज किया है। बरामद गांजा बाबत सुरेश पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय, दरोगा यूटी उत्कर्ष कुमार सिंह, सिपाही सतीश यादव, रणवीर सिंह, संदीप कुमार आदि शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में बाइक समेत गांजा कारोबारी।

## डीएम ने जन चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन भंभौर गांव के मजरा उसरी पुरवा मे गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम बाबत प्राथमिक विद्यालय में जन चैपाल लगाई। शुक्रवार को डीएम ने कहा कि गांव में जन चैपाल दौरान पानी, सडक, गली, जल निगम कार्यो के बारे में बताया। जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभागों के कार्यों को मौके पर जाकर देखें। आवास व पेंशन के जो आवेदन मिले हैं, उसका सत्यापन कराकर लाभ दिलायें। बच्चों का टीकाकरण करायें। बीएसए से कहा कि मजरे का विद्यालय भवन जर्जर है उसे बनवायें।

# दो सौ बच्चों ने देखा रामायण दर्शन शो

## विश्व पर्यटन दिवस पर हुआ विशेष आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व पर्यटन दिवस 2024 के मौके पर जिले में टूरिज्म व पीस थीम के तहत डीएम शिवशरणप्पा जीएन व सीडीओ अमृतपाल कौर की अगुवाई में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण परिक्रमा मार्ग पर स्थित रामायण दर्शन शो रहा। जिसे पर्यटकों व स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय खोह व कछारपुरवा के दो सौ बच्चों को शो निःशुल्क दिखाया गया। डीएम ने कहा कि बच्चों के मन में पर्यटन व संस्कृति की भावना बचपन से ही उत्पन्न करनी चाहिए। इसी उद्देश्य से डिजिटल गैलरी को प्रतिदिन स्कूल विद्यार्थियों को मुफ्त रखने का निर्णय लिया गया है, ताकि स्कूल 50 बच्चों के समूह में आकर इस अनूठे अनुभव का लाभ उठा सकें। इससे बच्चों में पर्यटन के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

रामघाट स्थित बालाजी घाट पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। अभियान में डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने अपना चित्रकूट सफाई संस्था के साथ मिलकर पोद्दार इंटर कॉलेज के युवा पर्यटन क्लब के छात्रों के साथ मिलकर घाट की सफाई की। क्लब के सदस्यों, होटल एसोसिएशन, मीडिया व ने रानीपुर टाइगर रिजर्व व तुलसी वाटरफॉल का दौरा किया।


शो देखने को उत्साहित बच्चे।

# जीटीजीडीसी महाविद्यालय में हुआ स्मार्टफोन वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में स्मार्टफोन वितरित हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, अपर जिला अधिकारी उमेश चन्द्र निगम मौजूद रहे।

शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने स्मार्टफोन की उपयोगिता बाबत कहा कि छात्र-छात्रायें कई लोगों का ग्रुप बनाकर सभी लोगों से साथ सूचनाओं का आदान प्रदान कर सकते हैं। जरूरी जानकारी साझा कर सकते हैं। अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम कहा कि योजना के तहत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं। योजना सरकार की महत्वपूर्ण पहलों में से एक है। जिसका उद्देश्य युवाओं को नई तकनीक से शैक्षिक पाठ्यक्रम पूरा कर आत्मनिर्भर बनने में मदद करना है। संवेदनशील होकर स्मार्टफोन का उपयोग करें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विनय कुमार चैधरी ने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। ऐसे में मोबाइल छात्र-छात्राओं के अध्ययन में बहुत ही उपयोगी है।


छात्राओं को मोबाइल देते नगर पालिका अध्यक्ष।

# भावभीनी दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा की बड़ी बहन नीलम उदयभान करवरिया की लंबी बीमारी से निधन होने से रामलीला कमेटी की बैठक उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शोक प्रस्ताव पारित किया गया। कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शोक की लहर है। शुक्रवार को शोकसभा में कमेटी उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया कि राजापुर के पूर्व चेयरमैन स्व शिव नरेश मिश्रा की पुत्री नीलम उदयभान करवरिया पूर्व में प्रयागराज की मेजा तहसील से भाजपा की विधायक थीं। पांच वर्ष के शासनकाल में मेजा तहसील में विकास कार्यों के लिए जानी जाती थी। संगठन के प्रति उदारवादी नीति के तहत कार्य करने में कर्मठ थी। अचानक उनके दिवंगत होने पर ऐतिहासिक रामलीला मंच में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति को ईश्वर से प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को दुख की घड़ी में ईश्वर संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

## गुण-दोष के आधार पर हो विवेचनाः सीओ राजापुर

**चित्रकूट।** सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने थाना रैपुरा के विवेचकों का अर्दली रुम किया। सीओ राजापुर ने अर्दली रुम दौरान विवेचकों को गुण-दोष के आधार पर विवेचना के निस्तारण को निर्देश दिये। मुकदमों से सम्बन्धित वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तार की करें। जनसुनवाई व आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। अर्दली रुम दौरान प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल व अन्य विवेचक मौजूद रहे।

# 37 साल के युवक ने की आत्महत्या

## पेड़ से लटका मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के निहीचिरैया भाठा गांव में 37 वर्षीय लल्लू पुत्र पतिया ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है।

परिजनों ने बताया कि लल्लू रोज की तरह अपने परिवार के साथ शाम को खाना खाकर सोने चला गया था। सभी लोग गहरी नींद में थे, तभी लल्लू चुपचाप घर से निकल गया। गांव के पास नदी किनारे एक आम के पेड़ पर साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को सवेरे सात बजे ग्रामीणों ने लल्लू का शव पेड़ से लटकते हुए देखा। इसकी सूचना परिजनों को दी गई। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। मानिकपुर थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकी पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है। आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।


मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

# एसपी ने परेड का किया निरीक्षण



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण दौरान अधिकारी/कर्मचारी का टर्न आउट जांचा। परेड ग्राउण्ड में मौजूद सभी टोलियों की ड्रिल देखी। सुधार बाबत प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देश दिये। शुक्रवार को परेड बाद पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन आवासीय भवन का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य शीघ्र कराने को निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक आदेश कक्ष में पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस दौरान सीओ लाइन यामीन अहमद, सीओ प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## पेजर धमाकों का सच आया सामन

# बैटरी के अंदर लगा था बम, मैसेज से किया ब्लास्ट, खुलासा

**बेरूत: इजरायल** ने बीते 17 सितम्बर को लेबनान के अंदर हिजबुल्लाह लड़ाकों के पेजर में विस्फोट करके ईरान समर्थित चरमपंथी समूह को हैरान कर दिया था। लेबनान से आने वाले वीडियो पूरी दुनिया ने देखे, जिसमें लोग ग्रॉसरी शॉप जैसी जगहों पर खड़े थे और वहां विस्फोट होने लगे। हिजबुल्लाह के लड़ाके इजरायली सर्विलांस से बचने लिए मोबाइल की जगह पेजर का इस्तेमाल करते थे, लेकिन इजरायल ने उसी पेजर को बम में बदल दिया। इन हमलों में लगभग 3000 लोग घायल हुए थे।

बैटरी के अंदर लगाया बम

अब पता चला है कि इजरायल ने पेजर की बैटरियों के अंदर विस्फोटक छिपाकर हिजबुल्लाह के लड़ाकों को निशाना बनाया था। लेबनान के दो उच्च पदस्थ सुरक्षा अधिकारियों ने अमेरिकी मीडिया आउटलेट सीएनएन को इस बारे में जानकारी दी है। अधिकारियों ने कहा कि यह तकनीक इतनी




एडवांस की थी कि इसे लगभग पता लगाना असंभव था।

मंगलवार को हिजबुल्लाह के सदस्यों के हजारों पेजर में ब्लास्ट हुए। उसके अगले ही दिन शिया मिलिशिया के वॉकी-टॉकी को निशाना बनाया गया। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, विस्फोटों में कम से कम 37 लोग मारे गए, जिनमें कुछ बच्चे भी थे। लगभग 3,000 लोग घायल हुए, जिनमें से कई नागरिक थे।

इजरायल ने हमलों पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की है, लेकिन रिपोर्टों में दावा किया गया है कि इन विस्फोटों के लिए इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद और इजरायली सेना ने मिलकर प्लानिंग की थी। लेबनान और हिजबुल्लाह दोनों ने हमलों के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है।

पता लगाना था असंभव

लेबनानी सुरक्षा सूत्रों में से एक ने उठठ को बताया कि जिस तरह से पेजर की बैटरियों के अंदर विस्फोटक सामग्री छिपाई गई थी, वह इतनी परिष्कृत थी कि उसका पता नहीं लगाया जा सकता था। दूसरे उच्च पदस्थ सुरक्षा सूत्र ने कहा कि उन्होंने विस्फोट हुए एक पेजर की जांच की थी। सूत्र ने बताया कि विस्फोटक सामग्री पेजर की लिथियम बैटर के अंदर थी और उसे पता लगाना मुश्किल था।

उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ पहले कभी नहीं देखा था।

हिजबुल्लाह से पहले मोसाद के पास पहुंचे

विस्फोटो के फुटेज की समीक्षा करने वाले विशेषज्ञों का भी मानना है कि पेजर में विस्फोटक उपकरण छिपाए गए थे, जिन्हें सप्लाई से पहले उनमें लगाए जाने का संकेत मिलता है। रॉयटर्स ने एक रिपोर्ट में बताया था कि हिजबुल्लाह के पास जाने से पहले ये उपकरण मोसाद के हाथों में पहुंचे, जहां उनमें विस्फोटक लगाकर आगे डिलीवरी की गई।

# दुनिया के लिए रहस्य बना चीन की सबसे नई परमाणु पनडुब्बी का डूबना, ड्रैगन को भारी पड़ी हड़बड़ी

**बीजिंग: अमेरिका** की सेना को मात देने में दिन रात एक करने वाले चीनी ड्रैगन को बहुत बड़ा झटका लगा है। चीन की झोउ क?लास की सबसे नई और खतरनाक परमाणु पनडुब्बी समुद्र में डूब गई है। यह हादसा पिछले मई या जून महीने में वुहान के पास वूचांग शिपयार्ड में हुआ है। यह वही वुहान शहर है जहां से कोरोना महामारी फैली थी। चीन ने इस खतरनाक हादसे को दुनिया से छिपा रखी थी लेकिन ताजा सैटलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि यह अटैक पनडुब्बी डूब गई है और उसे निकालने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि इस हादसे में किसी की मौत हुई है या नहीं। साथ ही इस पनडुब्बी के अंदर परमाणु ईंधन मौजूद था या नहीं। विशेषज्ञों का कहना है कि



यह पनडुब्बी का डूबना दिखाता है कि चीन बहुत ही ज्यादा जल्दी में और इसी वजह से यह हादसा हुआ है।

वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट के मुताबिक अब इस सबमरीन को समुद्र से निकालने में कई महीने लग सकते हैं। पहले यह कहा गया था कि यह कोई परंपरागत ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी है लेकिन अब यह खुलासा हुआ है कि एकदम नई Type 041 झोऊ क्लास की परमाणु ऊर्जा से चलने वाली अटैक सबमरीन है। बताया जा रहा है कि यह पनडुब्बी समुद्र में जाने से पहले आखिरी फिटिंग के दौर से गुजर रही थी। द वार जोन की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों को इस बात के कोई संकेत नहीं मिले हैं कि चीन के अधिकारियों ने जहां पर यह पनडुब्बी डूबी है, वहां से पानी के नमूने लिए हैं या वहां कोई रेडएिशन है।

चीन हड़बड़ी में, एक्सपर्ट ने लगाई फटकार

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा, 'यह संभव है कि जब पनडुब्बी डूबी हो तब चीनी कर्मचारी मारे गए हो या घायल हुए हो लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि वे नहीं जानते हैं।

# चीन के गुलाम मुइज्जू ने मालदीव को बर्बाद कर दिया, सैलरी देने के भी पैसे नहीं, 80 करोड़ का लिया कर्ज

**मालेः चीन** के गुलाम मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद पर्यटकों का स्वर्ग कहा जाने वाला मालदीव बुरे दौर से गुजर रहा है। देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। हालत ये है कि अब कर्मचारियों का वेतन देने के लिए सरकार को लेना पड़ रहा है। मालदीव के मीडिया पोर्टल अधाधू की रिपोर्ट के अनुसार, मुइज्जू सरकार ने इस महीने सरकारी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने के लिए बैंक ऑफ मालदीव से 800 मिलियन (80 करोड़) मालदीवियन रुपये (MVR) का कर्ज लिया है।

सैलरी के लिए लोन

अधाधू ने एक विश्वसनीय स्त्रोत के हवाले से बताया है कि राष्ट्रीय बैंक ने वित्त मंत्रालय को 800 मिलियन एमवीआर का कर्ज जारी किया है। पोर्टल ने यह भी बताया है कि यह कर्ज सरकारी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने के लिए लिया गया है। इस बीच विशेषज्ञों ने मालदीव की आर्थिक स्थिति को लेकर चेतावनी दी है। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब भारत ने मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर।

# पश्चिम एशिया में बड़े युद्ध की आहट! इजरायल और हिजबुल्लाह के संघर्ष से क्यों डरी है दुनिया

**तेलअवीव। पश्चिम** एशिया में जारी दो बड़े संघर्षों ने पूरे विश्व को चिंता में डाल दिया है। इजरायल एक साथ हिजबुल्लाह और हमास के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। कई विश्लेषक और नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर शांति नहीं स्थापित हुई तो और देश भी इस संघर्ष में उलझ सकते हैं और यह संकट पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है। फिलहाल जो हालात हैं वे ज्यादा उम्मीद नहीं बांधते हैं। लेबनान में इजरायल के हवाई हमले जारी हैं। हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष में भी इजरायल वहीं भाषा बोल रहा है जो हमास के साथ लड़ाई में बोलता रहा है। इस बार भी उसका कहना है कि हिजबुल्लाह के खात्मे तक उसकी कार्रवाई जारी रहेगी। हालांकि करीब साल भर के मिलिट्री ऑपरेशन के बाद वह गाजा में हमास को खत्म नहीं कर पाया है।

यहूदी राष्ट्र ने गुरुवार को इस बात से इनकार किया कि वह लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह और लेबनानी राजनीतिक दलों के साथ युद्धविराम पर सहमत हो गया है। बता दें अमेरिका और सहयोगी देशों ने 21 दिनों के युद्धविराम की अपील की थी। इससे पहले बुधवार को सुरक्षा परिषद की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरस ने भी संकट के क्षेत्रीय रूप धारण कर लेने के खिलाफ आगाह किया। उन्होंने कहा, 'लेबनान में आफत का तूफान मचा है. इजरायल और लेबनान को अलग करने वाली सीमा रेखा 'ब्लू लाइन' पर गोलाबारी हो रही है, जिसका दायरा व तीव्रता बढ़ती जा रही है।' आखिर संघर्ष के बड़े स्तर पर



फैल जाने का खतरा क्यों बना हुआ है?

इजरायल हिजबुल्लाह और हमास के साथ उलझा

इसे समझने के लिए हमें मध्य पूर्व देशों की राजीनीतिक पेचीदगियों को समझना होगा। इजरायल और अरब देशों के संबंध ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रह हैं जिसके चलते यह क्षेत्र कई युद्धों को झेल चुका है। फिर यहूदी राष्ट्र हिजबुल्लाह और हमास के साथ उलझा हुआ है। इन दोनों को ईरान का खुला समर्थन हासिल है। विशेषकर हिजबुल्लाह की स्थापना ईरान का अहम रोल रहा है। ऐसा माना जाता रहा है कि हिजबुल्लाह लेबनानी आर्मी से भी ज्यादा ताकतवर है और उसके शक्तिशाली और आधुनिक हथियारों की कोई कम नहीं है। हालांकि अभी तक ईरान की इजरायल के लेबनान में मिलिट्री एक्शन पर कोई तीखी प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है।

इसकी वजह ईरान की नवर्निवाचित राष्ट्रपति को पेजेशकियन को माना जा रहा है कि जिन्होंने इस पूरे मसले पर अपना रुख काफी नरम रखा है। लेकिन कब तक वह नरम रुख पर टिके रहते हैं यह देखने वाली बात होगी।

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है ईरान के कट्टरपंथी रूढ़िवादियों को उनका यह समझौतावादी रुख पसंद नहीं आ रहा है। अगर हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल अपना अभियान बढ़ता है तो ईरान चुप्प बैठे रहना मुश्किल होगा।

# दुर्गा पूजा मनाई तो खैर नहीं... बांग्लादेश में हिंदुओं को धमकी, इस्लामकि कट्टरपंथियों को हिंदू त्योहार पर छुट्टी भी नामंजूर

**ढाकाः बांग्लादेश** में इस्लामिक कट्टरपंथियों ने देश के हिंदू अल्पसंख्यकों को दुर्गा पूजा न मनाने के लिए खुलेआम धमकी दी है। साथ ही उनसे कहा गया है कि वे मूर्ति विसर्जन में भी शामिल न हों। दुर्गा पूजा बांग्लादेश में हिंदुओं को सबसे बड़ा त्योहार है, जो 9 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश में कट्टरपंथी समूहों ने दुर्गा पूजा त्योहार पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसने बांग्लादेश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय के अंदर डर पैदा कर दिया है।

कट्टरपंथी कर रहे विरोध

रिपोर्ट के मुताबिक, कट्टरपंथी इस्लामी समूह इंसाफ कीमकरी छात्र-जनता ने हाल ही में एक प्रदर्शन किया, जिसमें ढाका के सेक्टर में दुर्गा पूजा त्योहार के लिए खेल के मैदान के इस्तेमाल का विरोध किया। हिंदू समुदाय वर्षों से इस मैदान का इस्तेमाल दुर्गा पूजा के लिए करता रहा है।

प्रदर्शनकारियों के हाथ में बांग्ला में लिखी हुईं तख्तियां थी, जिस पर लिखा था कि 'सड़क बंद करके दुर्गा पूजा न करो।' इस बात को लेकर भी विरोध किया गया कि



केवल 8 प्रतिशत आबादी वाले हिंदुओं के त्योहार को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया है। दुर्गा पूजा को मुसलमानों के लिए परेशानी बताते हुए त्योहार पर छुट्टी को खत्म करने की मांग की गई।

भारत विरोधी बैनर की मांग

इतना ही नहीं, इस्लामिक कट्टरपंथी हिंदू नागरिकों से बांग्लादेश के लिए अपनी वफादारी साबित करने को कह रहे हैं। इसके लिए सभी मंदिरों पर भारत विरोधी बैनर लगाने की मांग की गई है। कई इलाके में मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ने की खबरें भी आई हैं, जिसने हिंदू समुदाय की चिंता बढ़ा दी है। 22 सितंबर को लक्ष्मीगंज जिले के रायपुर इलाके में मदरसे के लड़कों ने देवी दुर्गा की मूर्तियों को तोड़ दिया।

घुसपैठियों को निकालने की बात सुन भारत से नाराज हुआ बांग्लादेश

खुलना में हिंदू नागरिकों से दुर्गा पूजा मनाने के लिए पांच लाख बांग्लादेशी टका देने की मांग की जा रही है। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने हिंदुओं की रक्षा की बात कही है लेकिन कट्टरपंथियों को रोकने में अंतरिम सरकार नाकाम साबित हुई है।

डरे हुए हैं हिंदू

चटगांव में सनातन विद्यार्थी संसद के अध्यक्ष कुशल चक्रवर्ती ने इंडिया टुडे को बताया कि हिंदू डर के बीच दुर्गा पूजा की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे मन में डर है। हम सुरक्षा के लिए सरकार से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। फरीदपुर, खुलना और कई दूसरी जगहों पर मूर्तियों को तोड़ा गया है। हम दुर्गा पूजा की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन डर बना हुआ है।'

# पुतिन ने दी परमाणु बम की धमकी, रूस के एटमी जखीरे में हैं कौन-कौन से महाविनाशक हथियार

**मास्कोः रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध के बीच परमाणु धमकी दी है। पुतिन ने रूस के परमाणु नीति में समीक्षा का प्रस्ताव दिया है। विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन यूक्रेन और यहां तक कि नाटो सदस्य देशों में परमाणु बम इस्तेमाल करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। रूस के पास वर्तमान समय में 5,580 परमाणु हथियार हैं और उसने 1710 एटम बमों को तैनात कर रखा है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। इन परमाणु बमों को दागने के लिए रूस के पास फ-36 अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल, परमाणु ऊर्जा से चलने वाला टारपीडो पोसाइडन, सबमरीन से दागे जाने वाली बुलावा मिसाइल और टोपोल एम मोबाइल अंतर महाद्वीपीय मिसाइल है जो खुद का बचाव करने में सक्षम है।

पुतिन ने यह चेतावनी तब दी है जब यूक्रेन युद्ध तीसरे साल में प्रवेश कर गया है और राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस की सीमा के अंदर लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों के इस्तेमाल की पश्चिमी देशों से अनुमति मांगी है। विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन ने यह बयान इसलिए दिया है ताकि पश्मिची देशों को यूक्रेन का सपोर्ट करने से रोका जा सके। पुतिन अब तक इशारों में या अपने करीबी दमित्री मेदवेदेव के जरिए अक्सर परमाणु धमकी देते रहे हैं। हालांकि बार बार धमकी देने के बाद वह खुद को दबाव डाल रहे हैं कि परमाणु बम का इस्तेमाल न केवल यूक्रेन के खिलाफ किया जाए बल्कि नाटो देशों के खिलाफ भी।

पुतिन के पास बचे हैं मात्र तीन विकल्प

कनाडा के क्वीन विश्वविद्यालय में फेलो मैक्सिम स्टारचाक ने कहा कि परमाणु सिद्धांत में समीक्षा के जरिए पुतिन चाहते हैं कि परमाणु



हथियारों के इस्तेमाल की सीमा को कम किया जाए। मैक्सिम ने कहा कि पुतिन को उम्मीद है कि उनका परमाणु ब्रह्मास्त्र काम करेगा। एक वरिष्ठ यूरोपीय सैन्य अधिकारी ने कहा कि ढाई साल युद्ध बीत जाने के बाद अब पुतिन के पास एक बहुत ही सीमित विकल्प बचे हैं। उन्होंने कहा कि पुतिन के पास उकसावे की कार्रवाई के लिए बहुत कम क्षमता बची है। पुतिन के पास 3 विकल्प बचे हैं। पहला परमाणु धमकी देते रहना, परमाणु बम का इस्तेमाल और पश्चिमी देशों के खिलाफ हाइब्रिड युद्ध।

यूक्रेन पर हमला करने के बाद पुतिन लगातार परमाणु बम के इस्तेमाल की धमकी दे चुके हैं जिसे पश्चिमी देश खारिज कर चुके हैं। इस बीच पुतिन ने बुधवार को और आगे बढ़ते हुए ऐलान किया कि रूस के परमाणु सिद्धांत में बदलाव किया जाएगा। इस अपडेट किए गए परमाणु सिद्धांत में गैर परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्रों के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति होगी।

# कनाडा में कनिष्क बॉम्बिंग के तीसरी जांच की उठी मांग

**ओटावाः कनाडा** में कनिष्क बॉम्बिंग से जुड़ी एक नई जांच को फिर से खोलने की कोशिश की जा रही है। खालिस्तान समर्थक आतंकियों की ओर से 23 जून 1985 को एयर इंडिया फ्लाइट-182 में धमाका किया गया था। आतंकियों के हमले में 329 लोगों की मौत हुई थी। लेकिन अब एक नई जांच की मांग खालिस्तान आतंकियों को पाक-साफ बताने के लिए की जा रही है। इसे लेकर कनाडा में जस्टिन टूडो की पार्टी के हिंदू सांसद अपनी ही पार्टी पर भड़के हैं। उन्होंने कहा कि पहले दो जांच हो चुकी हैं जो खालिस्तान आतंकियों को इसके लिए दोषी मानती हैं। अब संसद पोर्टल पर एक नई जांच की मांग की गई है जो कॉन्सपिरेसी थ्योरी को बढ़ावा देती है।

कनाडा के लिबरल पार्टी के सांसद सुख धालीवाल ने कनिष्क बॉम्बिंग की नए सिरे से जांच की मांग करते हुए इस याचिका को स्पॉन्सर किया है। इस मांग से पहले दूसरी जांच में पाया गया था कि कनाडा स्थिति खालिस्तान आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया था। पहली जांच में भी यही पता चला था कि बम धमाकों में खालिस्तान आतंकियों का हाथ था। हालांकि मामले को फिर से खोलने की मांग की पीड़ित परिवारों की ओर से आलोचना की गई है।

# धरती को इसी हफ्ते मिलेगा 'दूसरा चंद्रमा', 2 महीने तक रहेगा साथ

**वॉशिंगटनः अंतरिक्ष** में चंद्रमा तो आप सबने देखा होगा, लेकिन जल्द ही धरती को एक नया चंद्रमा मिलने जा रहा है। वैज्ञानिकों ने इसे 2024 ढळ5 नाम दिया है। हालांकि, चंद्रमा की तरह हमेशा के लिए पृथ्वी के साथ नहीं रहेगा। यह क्षुद्रग्रह एक मिनी मून होगा, जो लगभग दो महीने तक पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और उसके बाद यह अपने मूल गुरुत्वाकर्षण पर वापस लौट जाएगा। नासा ने जानकारी दी है कि इस क्षुद्रग्रह को धरती से कब देखा जा सकेगा।

अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के रिसर्च नोट्स में सबसे पहले इस मिनी मून के बारे में बताया गया था। इसमें कहा गया था कि क्षुद्रग्रह 2024 PT5 29 सितम्बर (रविवार) से 25 नवम्बर के बीच लगभग दो महीने तक पृथ्वी की परिक्रमा करेगा। वहीं, नासा की गणना के अनुसार, अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वाले 29 सितम्बर को इसे देख सकेंगे।

कैसे आएगा नजर?

मिनी-मून को नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता है। यह बहुत छोटा है और धुंधली चट्टानों से बना है। यहां तक कि इसी घरेलू दूरबीनों से भी देखना मुश्किल होगा। इसे देखने के लिए खगोलीय उपकरणों की जरूरत होगी। खगोलशास्त्री डॉ. जेनिफर मिलार्ड ने बीबीसी के टुडे प्रोग्राम में बताया कि 'पेशेवर दूरबीनें ही इसे पकड़ पाएंगी। इसलिए आप इसकी बहुत सारी शानदार तस्वीरें ऑनलाइन देख सकेंगे।'

नासा के जेट प्रोपल्शन लैबोरेटरी होराइजन्स सिस्टम से उपलब्ध नवीनतम डेटा के अनुसार, 'क्षुद्रग्रह की तस्वीरें 29 सितम्बर को दोपहर 3.54 बजे (अमेरिका के स्थानीय समयानुसार) मिलनी शुरू होंगी।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अमेरिकी सीमाओं पर भारतीय प्रवासियों की संख्या में बढ़ोतरी

**अमेरिक**

**अमेरिकी** सीमा सुरक्षा विभाग के ताजा आंकड़े दिखाते हैं कि सीमा पार करते हुए पकड़े जाने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है.

अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर 2023 से अगस्त 2024 के बीच 86,400 से अधिक भारतीय नागरिकों को अमेरिका की मेक्सिको से लगती दक्षिण-पश्चिम सीमा पर अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करते हुए रोका गया. इसी अवधि में 88,800 से अधिक भारतीय नागरिकों को उत्तरी सीमा पर भी रोका गया.

हालांकि, दोनों सीमाओं पर भारतीय नागरिकों की संख्या लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों से आने वाले प्रवासियों की तुलना में कम है, लेकिन भारतीय नागरिक अब सीबीपी द्वारा रोके जाने वाले लोगों के दोनों अमेरिका महाद्वीपों के बाहर का सबसे बड़ा समूह बन गए हैं. भारत के बाद बाहर से आने वाला दूसरा सबसे बड़ा समूह चीन से है, जहां के लगभग 74 हजार लोगों को दोनों सीमाओं पर रोका गया. अमेरिकी सीमा पर रोके गए कुल लोगों की संख्या 27,56,646 है.

आंकड़े दिखाते हैं कि 2021 के बाद से अमेरिकी सीमाओं पर भारतीय नागरिकों को रोके जाने के मामलों में बड़ी वृद्धि हुई है. वित्त वर्ष 2020-21 में अमेरिकी सीमाओं को पार करते हुए पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या 30 हजार से ज्यादा थी जो 2022-23 में बढ़कर 96,917 हो गई.

कौन हैं पकड़े गए भारतीय

सीमा पार करने की कोशिश करते पकड़े गए भारतीय नागरिकों में सबसे ज्यादा



अकेले वयस्क रहे हैं. 2021 में 3,161 लोगों की तुलना में 2022 में यह संख्या बढ़कर 7,241 हो गई और 2023 में 8,706 पर पहुंच गई. वित्तीय वर्ष 2024 (अगस्त तक) में यह संख्या 2,749 रही.

परिवार के रूप में सीमा पार करने वाले भारतीयों की संख्या 2021 में 6,489 मामलों के बाद 2023 में यह संख्या 9,652 के उच्चतम स्तर पर पहुंची और 2024 में अब तक 6,527 रही. कई मामलों में बिना किसी वयस्क के, अकेले यात्रा कर रहे बच्चों को भी पकड़ा गया. 2021 में इनकी संख्या 5,568 थी, जो 2023 में बढ़कर 7,440 हो गई. 2024 में अब तक यह घटकर 2,337 पर आ गई है.

वयस्कों के साथ आए नाबालिगों की संख्या में गिरावट देखी गई है, जो 2022 में 6,976 से घटकर 2024 में 3,256 हो गई.

अमेरिकी सीमाओं को पार करने की कोशिश करते भारतीयों के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाले निस्कानन संस्थान के गिल गुएरा और स्नेहा पुरी के अनुसार, प्रवासन के इस पैटर्न के पीछे कई कारण हैं, जिनमें बेहतर रोजगार की तलाश, भारत में आर्थिक अस्थिरता और बेरोजगारी, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में और कृषि कानूनों से प्रभावित लोगों की परिस्थितियां शामिल हैं. वह सिख समुदाय के कुछ सदस्यों के बीच भारत में बढ़ती सांप्रदायिकता का डर भी एक बड़ा कारक बताते हैं.

वे अपने विश्लेषण में लिखते हैं, "अधिकांश का संबंध पंजाब राज्य से है, जहां सिख समुदाय की बड़ी आबादी है. राजनीतिक रूप से, पंजाब में खालिस्तान नामक सिख अलगाववादी आंदोलन के कारण तनाव बढ़ा है. हालांकि, इस आंदोलन को व्यापक समर्थन नहीं मिला है, लेकिन कुछ सिख प्रवासियों का कहना है कि उन्हें डर है कि भारत में बढ़ते सांप्रदायिक माहौल के कारण उन्हें अधिकारियों या राजनेताओं द्वारा अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा सकता है. दूसरी ओर, कुछ लोगों के लिए यह तनाव उत्पीड़न के दावों को विश्वसनीय आधार प्रदान करता है, जो उन्हें शरण लेने का आधार देता है।